CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 85 जयपुर, मंगलवार 14 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162



## रिफाइनरी का काउंटडाउन शुरू: मोदी की सभा को ऐतिहासिक बनाने में जुटे भजनलाल शर्मा, सभा स्थल का किया निरीक्षण

**सभा स्थल पर ही मुख्यमंत्री शर्मा ने भाजपा के संगठन से जुड़े स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से किया संवाद और कहा सभी सामूहिक रूप से मोदी की सभा को सफल बनाने में जुट जाएं, मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, संभागीय आयुक्त और पुलिस तथा प्रशासन के बड़े अधिकारियों के साथ की बैठक, सभा स्थल से जुड़ी सभी तैयारियां का लिया जाएगा, पीएम मोदी के हेलीपैड कभी किया निरीक्षण, जिला कलेक्टर सुशील यादव ने सभा से जुड़ी सभी तैयारी के बारे में दी विस्तार से जानकारी, मदन राठौड़, जोराराम कुमावत के के बिश्नोई, विधायक हमीर भायल अरुण चौधरी भी रहे मौजूद**

जयपुर टाइम्स



फाइल फोटो



**जयपुर(का.सं.)।** आगामी 21 अप्रैल का उगता हुआ सूरज प्रदेश के लोगों की भलाई और कल्याण के लिए तो एक बहुत ही शुभ संदेश लेकर आ ही रहा है इसके अलावा प्रदेश की भजन लाल सरकार की उपलब्धियां के अकाउंट में एक और उपलब्धि दर्ज होगी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 साल के लंबे इंतजार के बाद पचपदरा में 79459 करोड रुपए की लागत वाली रिफाइनरी का शुभारंभ करेंगे। इस शुभ दिन का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ही नहीं बल्कि प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े तमाम छोटे बड़े नेता भी बेताबी से इंतजार कर रहे हैं । क्योंकि इस रिफाइनरी की स्थापना और निर्माण से लेकर इसके लोकार्पण समारोह तक के इस सफर में कई उतार-चढ़ाव और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता भी देखने को मिली लेकिन पिछले सवा दो साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस रिफाइनरी के कार्य को कंप्लीट करवाने में जो मेहनत और दौड़ धूप की उसी का परिणाम है कि यह रिफाइनरी अब संपूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गई है और 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस रिफाइनरी को देश की जनता को समर्पित करने पचपदरा आ रहे हैं। इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को खुद पचपदरा में जाकर सबसे पहले रिफाइनरी का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री शर्मा उस स्थान पर भी गए जहां पर पीएम मोदी रिफाइनरी की विजिट करेंगे हालांकि रिफाइनरी से जुड़ी सभी तरह की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा मुख्यमंत्री के पचपदरा पहुंचने से पहले ही मौके पर पहुंच गए थे और इन दोनों ही बड़े अधिकारियों ने पीएम मोदी की सभा स्थल का फिर से निरीक्षण किया । तमाम तरह की सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया और रिफाइनरी का भी अवलोकन किया बाद में जिला कलेक्टर सुशील यादव ने भी रिफाइनरी और सभा स्थल के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा को संपूर्ण जानकारी दी। इसके अलावा मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने भी मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में सभा स्थल और रिफाइनरी के बारे में तमाम तरह की जानकारियां मुख्यमंत्री के साथ शेयर की जैसा कि सबको पता है यह रिफायनरी प्रदेश के विकास को पंख लगाएगी इसलिए इस रिफाइनरी को जल्दी से जल्दी शुरू करवाने को लेकर भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के पहले दिन से ही अलर्ट मोड पर नजर आने लगे थे और उन्होंने मुख्यमंत्री की शपथ लेते ही रिफायनरी के निर्माण कार्यों को सबसे पहले प्राथमिकता पर लिया था इसके बाद में उन्होंने लगातार रिफाइनरी के निर्माण कार्यों पर अपनी नजर जमाई रखी, अधिकारियों के मार्फत भी रिफायनरी के निर्माण कार्यों का फीडबैक लेते रहे इसके अलावा खुद ने भी रिफाइनरी कम होकर पर जाकर निरीक्षण किया तथा इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार के मंत्रियों से भी लगातार संवाद बनाए रखा और रिफाइनरी को जल्दी से जल्दी कंप्लीट करवाने में केंद्र की ओर से भी लगातार सहयोग लेते रहे जिसके फल स्वरुप केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने भी रिफाइनरी का एक से ज्यादा बार पचपदरा जाकर निरीक्षण किया मुख्यमंत्री शर्मा की इन तमाम कोशिश और मेहनत से ही इस रिफाइनरी का कार्य कंप्लीट हो पाया अन्यथा यह रिफायनरी पिछले 13 सालों से प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के आपस के बिगड़े तालमेल की वजह से कंप्लीट नहीं हो पा रही थी लेकिन मुख्यमंत्री शर्मा ने डबल इंजन की सरकार का पूरा फायदा उठाया और अपना पूरा फोकस इस रिफाइनरी पर रखा अब यह 13 साल का लंबा इंतजार 21 अप्रैल को समाप्त होने वाला है ।

### *सभा स्थल पर ही भजनलाल शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मोदी की सभा को लेकर किया संवाद*


*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सभा स्थल की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया, सभा के मंच सभा में आने वाले लोगों की बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था और सभा में आने वाले लोगों के लिए पीने का पानी, चिकित्सा, शौचालय इत्यादि सभी व्यवस्थाओं के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा ने विस्तार से जानकारी हासिल की और अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए इसके अलावा उन्होंने सभा स्थल पर ही भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े स्थानीय नेताओं पर कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और इलाके के संगठन से जुड़े सभी नेताओं से आग्रह किया कि पीएम मोदी की सभा को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करें और ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को सभा में लाने का प्रयास करें उन्होंने पार्टी जनों से कहा कि 21 अप्रैल का दिन पचपदरा और आसपास के जिलों के लोगों के लिए ज्यादा खास है क्योंकि इस रिफाइनरी से स्थानीय स्तर पर भी लोगों को अच्छा रोजगार मिल सकेगा इसलिए पीएम मोदी के रिफायनरी के लोकार्पण समारोह के इस ऐतिहासिक खुशी के पल को यहां के लोग बड़ी संख्या में सभा में आकर एंजॉय करेंगे तो इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है इसलिए उन्होंने मोदी की सभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाने के लिए पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को भी निर्देशित किया है इसके अलावा पार्टी के विधायकों सांसदों पूर्व सांसदों पूर्व विधायकों और संगठन से जुड़े लोगों से सभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाने की बात कही है*

## राजस्थान विधानसभा, हाई कोर्ट और सेशन कोर्ट में बम की धमकी से हड़कंप, 3 घंटे तक सर्च अभियान



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर और प्रदेश भर में सरकारी इमारत, कार्यालय, हाई कोर्ट, सेशन कोर्ट इत्यादि जगहों पर पिछले कई महीनो से बम होने की फर्जी सूचनाओं का सिलसिला लगातार बना हुआ है। सोमवार को भी राजधानी जयपुर में विधानसभा भवन हाई कोर्ट और सेशन कोर्ट को बम से उडाने की धमकी ईमेल के माध्यम से दी गई सूचना मिलने के बाद पुलिस, डॉग स्क्वाड, बम निरोधक दस्ते, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां इत्यादि सभी इन सभी जगह पर पहुंचे और इन तीनों ही जगह को पूरी तरह से खाली करवाया करीब 3 घंटे तक इन तीनों ही जगह पर सर्च अभियान को अंजाम दिया गया इसके अलावा आसपास के इलाके में भी दूर-दूर तक जांच पड़ताल की गई लेकिन जांच पड़ताल में कहीं पर भी पुलिस को किसी भी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद इन तीनों ही जगह को पुलिस ने पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया लेकिन जब तक पुलिस की जांच पड़ताल इन सभी जगह पर संपादित होती रही तब तक हर किसी के चेहरे पर चिंता की लकीर देखी गई पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारी भी मौके पर डटे रहे हाईकोर्ट में बड़ी संख्या में वकील और विभिन्न मामलों को लेकर लोग आए हुए थे लेकिन करीब 3 घंटे तक सर्च अभियान की कार्रवाई चलती रही जिसकी वजह से हाई कोर्ट और सेशन कोर्ट का कार्य भी सोमवार को काफी देर तक बाधित रहा वकीलों का कहना था कि इस तरह की सूचनाओं की जांच पड़ताल करने में पुलिस को कहीं ना कहीं अत्यधिक टेक्नोलॉजी या किसी बाहरी जांच एजेंसी का सहारा लेना चाहिए क्योंकि कई बार ईमेल के माध्यम से राजधानी जयपुर में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश भर में महत्वपूर्ण जगहों पर बम होने की सूचना दी गई लेकिन एक भी ईमेल की सच्चाई का पुलिस ठीक तरह से पता नहीं लगा पाई ईमेल कौन कर रहा है कहां से हो रहा है इन सब का पता लगाने में पुलिस पूरी तरह से विफल साबित हो रही है इसी वजह से ईमेल करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं और वह रोजाना आए दिन कहीं ना कहीं इस तरह की फर्जी सूचनाओं देकर पुलिस और प्रशासन के लिए तो बड़ी मुसीबत बने हुए हैं ही इसके अलावा सरकारी संस्थानों में कार्य भी बाधित होता है और लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर भी कई देर तक बनी रहती है सोमवार सुबह 11:10 पर राजस्थान विधानसभा सचिवालय के ऑफिशियल ईमेल पर एक धमकी भरा संदेश मिला इसमें लिखा था कि 3 घंटे के अंदर पूरे विधानसभा परिसर को बम से उड़ा दिया जाएगा।







CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
14 अप्रेल, 2026


## वैसाखी पर्व पर खत्री पंजाबी समाज में उत्साह, शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंजाबी नववर्ष के रूप में मनाए जाने वाले वैसाखी पर्व पर खत्री पंजाबी समाज, अलवर द्वारा सोमवार को उल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने भगत सिंह चौराहा स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने एक-दूसरे को गले लगाकर वैसाखी की शुभकामनाएं दीं तथा मिठाइयां बांटकर पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर समाज की नई मोक्षवाहिनी के लिए चालक की नियुक्ति कर उसे शहर में सेवा कार्यों हेतु रवाना किया गया। समारोह में वरिष्ठजनों चरणजीत सुनेजा, दौलत राम हजरती, के.एल. अरोड़ा एवं बलदेव अरोड़ा सहित समाजसेवी अमित छाबड़ा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में एकता एवं सेवा भावना को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रेम गांधी, बालकिशन, पाशी, धर्मेंद्र अदलखा, डॉ. अमित छाबड़ा, सौरभ कालरा, हरविंदर अनेजा, दीपक नागपाल, महेश खत्री, गुरप्रीत सिंह, उत्कर्ष अरोड़ा, अनुराग खत्री, अनुराग छाबड़ा, राजू धवन, सुदीप कालरा एवं मनोज नकरा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने किया चाइल्ड टाइम विशेष स्कूल का उद्घाटन

### स्कूल को निर्धारित पैरामीटर पर संचालित कराने के दिए निर्देश




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला स्कीम नं. 2 में चाइल्ड टाइम विशेष स्कूल का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिला कलक्टर ने कहा कि विशेष योग्यजन बच्चों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विशेष योग्यजनों के कल्याण के लिए कार्यरत संस्थाओं को सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस चाइल्ड टाइम स्कूल में बच्चें अच्छे माहौल में शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल को निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप संचालित कराने के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जावे। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद बच्चों को प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान सीडीईओ महेश गुप्ता, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मणसिंह, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकान्त, एपीसी समसा धर्मराज, शुचि गुप्ता, अवनी लांबा, डॉ.चारू गर्ग, डॉ. दिलीप सेठी, डॉ. एससी मित्तल, डॉ. नंदिनी एवं विनित चौहान मौजूद रहे।

## भाजपा जिला अलवर (दक्षिण) की बैठक सम्पन्न, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर (दक्षिण) की संगठनात्मक बैठक सोमवार को अंबेडकर नगर स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले के प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया, जहां आगामी कार्यक्रमों की रणनीति बनाई गई तथा पूर्व में आयोजित अभियानों की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि अंत्योदय के संकल्प को समर्पित संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की भूमिका को संगठन की सफलता का आधार बताते हुए कहा कि आगामी समय में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक बूथ और घर तक पहुंचाना लक्ष्य रहेगा। उन्होंने बताया कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सेवा, स्वच्छता, संगोष्ठी एवं ग्राम सेवा बस्ती जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही 'प्रशिक्षण महा-अभियान' की सफलता के बाद संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने अपने विचार रखते हुए भविष्य की योजनाओं के लिए सुझाव दिए। अंत में विभिन्न प्रभागों को आगामी अभियानों की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री नरेश गोयल, ऋषि राज शर्मा, देशराज खरेरा, उपाध्यक्ष हुकुम फागना, मूलचंद डीग्वाल, हरिशंकर खंडेलवाल, विष्णु शर्मा, मंत्री राजेश तिवारी, शीला जांगिड़, सुशीला मीणा, सुनीता खांब्रा, प्रवक्ता जितेंद्र गोयल, नरेश धानावत, मुन्नालाल शर्मा, कार्यालय मंत्री मनोज चौहान, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, आईटी प्रभारी जय सिंह यादव, सह प्रभारी अजय शर्मा, सोशल मीडिया सह प्रभारी रीता सेठी एवं मीडिया सह प्रभारी वर्षा सक्सैना सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पार्क लाइब्रेरी में पुस्तके डोनेट करने का किया आवाहन

### डिजिटल युग में रीडिंग हैबिट विकसित करने के तहत बुधविहार में विकसित की गई प्रदेश की पहली पार्क लाइब्रेरी





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर डिजिटल युग में रीडिंग हैबिट विकसित करने हेतु नगर विकास न्यास के माध्यम से बुधविहार के डी ब्लॉक के पार्क में विकसित की गई पहली पार्क लाइब्रेरी (विद्या कुंज) में अधिकाधिक संख्या में पुस्तकें डोनेट करने का आह्वान किया। इस दौरान औद्योगिक संघ के प्रतिनिधियों ने पार्क लाइब्रेरी हेतु पुस्तकें भेंट की।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनसहभागिता को प्रोत्साहित करने तथा आधुनिक डिजिटल दौर में पठन-पाठन की संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल के अंतर्गत अलवर शहर स्थित बुद्धविहार कॉलोनी के डी-ब्लॉक के पार्क में 'पार्क लाइब्रेरी' की स्थापना की गई है। उन्होंने औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों से पार्क लाइब्रेरी में अधिकाधिक संख्या में पुस्तके डोनेट करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रूप से इस जनहितकारी पहल में सहभागी बन कर उत्कृष्ट एवं उपयोगी पुस्तकों के रूप में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि पार्क लाइब्रेरी में 5 हजार से अधिक पुस्तके रखने की क्षमता है, इस हेतु विशेष रूप से मोटिवेशनल, ऑटोबायोग्राफी, शिक्षा, साहित्य, विज्ञान, प्रबंधन, इतिहास, व्यक्तित्व विकास एवं अन्य प्रेरणादायी विषयों से संबंधित पसंदीदा पुस्तके डोनेट की जा सकती है। औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन की इस नवाचारी पहल की सराहना करते हुए पार्क लाइब्रेरी हेतु अधिक से अधिक संख्या में पुस्तकें उपलब्ध कराने का विश्वास दिलाया।

जिला कलक्टर ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की महती आवश्यकता है। इसलिए बूंद-बूंद जल के संरक्षण हेतु प्रत्येक औद्योगिक संस्थान अपने परिसर में रैन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण करावे एवं पूर्व में स्थापित रैन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का रिनोवेशन कर पूर्ण रूप से सुचारू रखना सुनिश्चित करें।

बैठक में रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सतीश प्रधान, यूआईटी के अधिशासी अभियंता अशोक मदान सहित विभिन्न औद्योगिक संघ एवं संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसैलाब

## जिलाध्यक्ष पुष्पराज शर्मा के 50वें जन्म दिन पर 107 यूनिट रक्त संग्रहित





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (भा.म.सं.) जिला इकाई, अलवर द्वारा सामान्य चिकित्सालय के आई.एम.ए. (छ्क्र) हॉल में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर संगठन के जिलाध्यक्ष पुष्पराज शर्मा के 50वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 107 यूनिट रक्त संग्रहित कर सामान्य चिकित्सालय के ब्लड बैंक में जमा कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री (राजस्थान सरकार) संजय शर्मा रहे। उन्होंने पुष्पराज शर्मा को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि यातायात निरीक्षक संजय शर्मा ने उपस्थित युवाओं को यातायात नियमों की पालना हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की, जिनमें भाजपा विवेकानंद मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौड़, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. के.के. शर्मा, ष्टस्क्चह्न डॉ. योगेंद्र शर्मा, PMO डॉ. प्रवीण शर्मा, अलवर नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य संदीप अवस्थी, नर्सिंग अधीक्षक सरला शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक राजेश गुप्ता एवं नर्सिंग अधीक्षक रमेश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संगठन की ओर से भा.म.सं. के प्रदेश पदाधिकारी पीयूष शर्मा सहित अजय सोनी, राजकुमार सोनी, सिद्धार्थ दहिया, नर्सेज नेता राजेंद्र वर्मा, गिरीश उपाध्याय, सुखपाल वर्मा, गजेंद्र, योगेश नेहरा, अनिल सुरेला, नारायण चौधरी, रमेश जाट, यदुवीर चौधरी, महेंद्र चौधरी, सीताराम गंगावत और विष्णु शर्मा ने कार्यक्रम में भाग लिया। शिविर की विशेष बात यह रही कि इसमें भारी संख्या में महिला कर्मचारियों और नर्सेज ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया और अपनी भागीदारी दर्ज कराई। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष पुष्पराज शर्मा ने सभी अतिथियों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज सेवा का यह क्रम भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

## विधिक जागरूकता शिविर में पीएलवी रेखा महलावत ने मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाओ के सम्बन्ध में दी जानकारी

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अनंत भंडारी के मार्गदर्शन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) मोहन लाल सोनी के आदेशानुसार मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह, 60 फुट रोड, अलवर में 'विशेष योग्यजनों के अधिकारों के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर' का आयोजन किया गया। यह शिविर नालसा स्कीम-2024 'मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाएं' के सम्बन्ध में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पीएलवी रेखा महलावत द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को मानसिक विमंदित एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए उपलब्ध कानूनी प्रावधानों, सरकारी योजनाओं एवं उनके अधिकारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने ऐसे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समग्र विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर नशा मुक्ति के संबंध में भी जागरूक किया गया तथा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए इससे दूर रहने का संदेश दिया गया। साथ ही साइबर अपराध के बढ़ते खतरे के प्रति सचेत करते हुए बताया गया कि अपनी ऑनलाइन सुरक्षा के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें, अनजान ई-मेल एवं लिंक से सावधान रहें तथा किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। पीएलवी द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 15100 (विधिक सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1091 (महिला हेल्पलाइन) एवं 1930 (साइबर क्राइम) के बारे में अवगत कराया गया। शिविर में कुल 45 लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ संवाद स्थापित करने हेतु मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 'हरे कृष्णा हरे राम' एवं 'वंदे मातरम' प्रस्तुत किया।

## रेड क्रॉस प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से की मुलाकात, 'विधा कुंज' लाइब्रेरी पर दी बधाई



### 5 मेडिकल मोबाइल यूनिट्स की 6 माह की रिपोर्ट प्रस्तुत, जनसेवा कार्यों की सराहना

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, अलवर के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला से मिनी सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें बधाई प्रेषित की। प्रतिनिधिमंडल ने बुद्ध विहार के डी ब्लॉक स्थित पार्क में स्थापित प्रदेश की पहली हाईटेक पार्क लाइब्रेरी 'विधा कुंज' के शुभारंभ पर पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल में रेड क्रॉस अलवर के चेयरमैन डॉ. एस.सी. मित्तल, सचिव डॉ. रूप सिंह एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया, अलवर के चेयरमैन गिरीश गुप्ता शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी के लिए अधिक से अधिक पुस्तकें उपलब्ध कराने में सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा बच्चों के लिए कैरम, शतरंज, लूडो जैसे खेल भी उपलब्ध कराने की बात कही। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं आर.ई.सी. लिमिटेड, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 5 मेडिकल मोबाइल यूनिट्स की पिछले 6 माह की रिपोर्ट भी जिला कलेक्टर को प्रस्तुत की। ये यूनिट्स अलवर, राजगढ़, रामगढ़, खैरथल-तिजारा तथा बहरोड़-कोटपुतली क्षेत्रों में संचालित हो रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन मोबाइल यूनिट्स द्वारा बीते छह माह में नेत्र रोग, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, एनीमिया सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों के मरीजों का उपचार किया गया तथा नि:शुल्क जांच और दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सांसद खेल उत्सव एवं मैराथन में दिए गए योगदान की जानकारी भी साझा की गई। जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने रेड क्रॉस के जनसेवा कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने आमजन को अधिक से अधिक सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रेरित करने तथा 'विधा कुंज' जैसी जनभागीदारी आधारित परियोजनाओं को सफल बनाने की अपील की।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने शहर के चारों प्रवेश मार्गों पर बनने वाले प्रवेश द्वारों के लिए चिन्हित स्थानों का किया अवलोकन

### भव्य प्रवेश द्वारों से शहर को मिलेगा आकर्षक स्वरूप - वन राज्यमंत्री शर्मा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने नगर निगम एवं नगर विकास न्यास के अधिकारियों की टीम के साथ अलवर शहर के चारों प्रवेश मार्गों पर आकर्षक प्रवेश द्वार बनाए जाने वाली जगहों का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वन राज्यमंत्री ने कहा कि अलवर शहर में आने वाले आगन्तुकों एवं पर्यटकों को शहर आकर्षक स्वरूप में दिखे, इसके लिए बहरोड़ रोड, तिजारा रोड, रामगढ़ रोड व ढाई पैड़ी पर अलवर शहर के चारों प्रवेश मार्गों पर कटी घाटी की तर्ज पर आकर्षक एवं भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण किया जावे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अलवर जिले की पहचान राजस्थान के सिंहद्वार के रूप में रही है, इसको दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन को बढावा देने एवं शहर के सौन्दर्यकरण के लिए प्रवेश द्वारों का निर्माण विशेष थीम पर कार्य योजना तैयार कर यथाशीघ्र कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया प्रवेश द्वारों का निर्माण कार्य में स्थानीय कला एवं स्थापत्य शैली को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रवेश द्वारों के आसपास सौन्दर्यकरण, हरियाली एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा प्रवेश द्वारों पर साइनेज आदि इस प्रकार लगाए जाएं कि शहर में प्रवेश करने वाले यात्रियों को महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी सुगमता से मिल सके। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, नगर विकास न्यास के अधिशासी अभियन्ता अशोक मदान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**झुन्झुनू(निस)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. बी.आर. आंबेडकर की 135वीं जयंती पर संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल दूकिया सहित स्टाफ सदस्य एवं छात्र-छात्राओं ने बाबा साहेब को माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में 26 विधार्थियों ने भाग लेकर अपनी कलम के द्वारा डॉ. अम्बेडकर के चित्र बनाकर, जाति भेदभाव मुक्त भारत, डॉ. अम्बेडकर व नारी सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर बनाएं। इंजी. दूकिया ने अपने उद्बोधन में विधार्थियों से कहा कि 'शिक्षा ही वह चाबी है जिससे सफलता के हर बंद दरवाजे खोले जा सकते है।" उन्होंने संविधान प्रस्तावना वाचन करते हुए विधार्थियों से बाबा साहेब के मार्गदर्शन व आदर्शो पर चलने की सलाह दी। प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने कहा कि "बाबा साहेब का जीवन स्वयं एक संदेश है। उनके 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के नारे को आज की युवा पीढ़ी को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है।" इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा(निसं)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा एवं जिला पर्यावरण समिति कि बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमओ एवं सीएमओ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का निस्तारित करने के निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक सूचनाओं प्रौद्योगिकी विभाग ने बताया कि जिले का सेटिस्फेक्शन प्रतिशत में पहले कि अपेक्षा वृद्धि हुई है। बैठक में ई-फाइल डिस्पोजल की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने प्रत्येक सप्ताह की प्रगति को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि जिले के प्रत्येक विभाग की प्रगति की समीक्षा की जा सके। जिला कलेक्टर ने जीएसएस की भूमि आवंटन, घुमंतू जनजाति के पट्टा वितरण, पीएम स्वनिधि सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पर्यावरण समिति की बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने हरियालो राजस्थान के तहत इस वर्ष जिले को प्राप्त लक्ष्य 10.18 लाख को प्राप्त करने हेतु अभी से ही विभागों द्वारा व्यापक कार्य योजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रत्येक विभाग के लक्ष्य को बताते हुए उन्होंने विभागों को जगह चिन्हित कर मियावाकी पद्धति से पौधारोपण करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता जेपी बैरवा, सहायक निदेशक वेद प्रकाश सैनी, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, मंडी सेक्रेटरी राजेश कर्दम, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरणमल मीणा, समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, कोषाधिकारी अधिकारी सुरेश कुमार बंसल, जेएमओ मंडी प्रियंका प्रजापत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बीजेपी सरकार ने रिफाइनरी परियोजना में सुधार करके 40,000 करोड़ की बचत की थी सुनिश्चित : राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा रिफाइनरी परियोजना को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि गहलोत का बयान पूरी तरह भ्रामक, तथ्यों से परे और अपनी विफलताओं को छिपाने का एक असफल प्रयास है। राठौड़ ने कहा कि जिस रिफाइनरी परियोजना की आज गहलोत चर्चा कर रहे हैं, वही उनके कार्यकाल में धीमी गति, अस्पष्ट नीतियों और गलत निर्णयों के कारण वर्षों तक लटकी रही। गहलोत सरकार न तो समय पर स्पष्ट वित्तीय मॉडल तैयार कर सकी और न ही परियोजना को प्रभावी रूप से आगे बढ़ा सकी, जिसके चलते लागत में भारी वृद्धि हुई और राज्य को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार के प्रयासों से यह परियोजना गति पकड़ चुकी है और जल्द ही प्रदेश को इसका वास्तविक लाभ मिलने वाला है। राठौड़ ने कहा कि उस समय किए गए समझौते के तहत राजस्थान सरकार को 15 वर्षों तक प्रति वर्ष 3,736 करोड़ रुपए बिना ब्याज के संबंधित कंपनी को देने का प्रावधान था, जो राज्य के हितों के विपरीत था। भाजपा सरकार के पुनः सत्ता में आने के बाद इस समझौते में व्यापक सुधार किए गए, जिससे राज्य का वित्तीय भार कम हुआ और अनावश्यक वार्षिक भुगतान की शर्तों को समाप्त किया गया। भाजपा सरकार ने इस परियोजना में सुधार करते हुए राजस्थान के लिए लगभग 40,000 करोड़ रुपए की बचत सुनिश्चित की है। राठौड़ ने कहा कि गहलोत को पहले अपने नेतृत्व की कार्यशैली और बयानों का आत्ममंथन करना चाहिए। भाजपा में विषय विशेषज्ञों की कोई कमी नहीं है और पार्टी हर मुद्दे पर तथ्य एवं शोध के आधार पर अपनी बात रखती है। गहलोत के कार्यकाल में ही परियोजना को अनावश्यक रूप से जटिल बनाया गया और निवेशकों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसे भाजपा सरकार ने पारदर्शिता और स्पष्ट नीतियों के माध्यम से दूर किया है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस की घोषणा और शिलान्यास वाली कार्य संस्कृति के कारण परियोजना में भारी विलंब हुआ, जिससे लागत में अत्यधिक वृद्धि हुई। राठौड़ ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा किया गया समझौता राज्य के हित में नहीं था, जिससे राजस्थान सरकार पर अत्यधिक वित्तीय भार पड़ने वाला था। बिना समुचित पर्यावरण स्वीकृति और वित्तीय स्पष्टता के जल्दबाजी में एमओयू किया गया, जिसके कारण राज्य को भारी नुकसान होने की आशंका थी। वर्ष 2013 में न तो भूमि अधिग्रहण पूर्ण था और न ही आवश्यक पर्यावरणीय स्वीकृतियां ली गई थीं, जिसके चलते कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में परियोजना पर कोई ठोस कार्य शुरू नहीं हो सका। राठौड़ ने बताया कि वर्तमान में राज्य का वित्तीय योगदान लगभग 16,845 करोड़ रुपए तक सीमित किया गया है। अब रिफाइनरी परियोजना रोजगार सृजन का एक बड़ा माध्यम बनेगी। पहले जहां 10 से 30 हजार लोगों के रोजगार की संभावना थी, वहीं अब लगभग 90 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। राज्य सरकार की प्राथमिकता केवल परियोजना को पूर्ण करना ही नहीं, बल्कि इसके माध्यम से राजस्थान के युवाओं को अधिकतम रोजगार और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना भी है। भाजपा सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और रिफाइनरी परियोजना इसका एक सशक्त उदाहरण बनकर सामने आएगी।

## नागपुर-जयपुर-नागपुर रेलसेवा एलएचबी रैक से होगी संचालित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु नागपुर-जयपुर-नागपुर रेलसेवा को एलएचबी रैक से संचालित किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 22175/22176, नागपुर-जयपुर-नागपुर रेलसेवा नागपुर से दिनांक से 18.6.26 से एवं जयपुर से दिनांक 19.6.26 से एलएचबी रैक से संचालित होगी। इस रेलसेवा में एलएचबी रैक के 2 सैकण्ड एसी, 7 थर्ड एसी, 6 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पॉवरकार श्रेणी व 1 गार्ड डिब्बे सहित कुल 21 डिब्बे होंगें।

## अजमेर-रांची- अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा के मार्ग के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में संशोधन के साथ अतिरिक्त स्टेशनों पर ठहराव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु संचालित अजमेर-रांची-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा के मार्ग के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में संशोधन के साथ अतिरिक्त स्टेशनों पर ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09619, अजमेर-रांची साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 17.4.26 से 10.7.26 तक (13 ट्रिप) अजमेर से प्रत्येक शुक्रवार को 23.05 बजे रवाना होकरडू जयपुर स्टेशन पर 1.25 बजे आगमन व 1.35 बजे प्रस्थान कर रविवार को 7.30 बजे रांची पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09620, रांची- अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 19.4.26 से 12.7.26 तक (13 ट्रिप) रांची से प्रत्येक रविवार को 10.50 बजे रवाना होकर सोमवार को जयपुर स्टेशन पर 15.55 बजे आगमन व 16.05 बजे प्रस्थान कर 18.35 बजे अजमेर पहुँचेगी।(यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाईमाधोपुर, सोगरिया, बारां ,छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना ,सागर ,दमोह, कटनी मुरवाड़ा, ब्योहारी, सिंगरौली, ओबरा डैम, चोपन, रेणुकूट, गढ़वा रोड, डालटनगंज, बरवाडीह, लातेहार ,टोरी एवं लोहरदगा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाडी में 2 सैकण्ड एसी, 5 थर्ड एसी, 7 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बे होगें।

## चूरू-सादुलपुर रेलखण्ड पर दुधवाखारा-हड़याल- डोकवा-सादुलपुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा बीकानेर मंडल के चूरू-सादुलपुर रेलखण्ड के मध्य दुधवाखारा-हड़याल- डोकवा-सादुलपुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए ऑटोमेटिक सिंगनलिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु लालगढ़-प्रयागराज रेलसेवा प्रभावित रहेगी।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 20404, लालगढ़-प्रयागराज रेलसेवा दिनांक 16.4.26, 18.4.26, 20.4.26, 23.4.26, 25.4.2026 व 27.4.26 को (6 ट्रिप) लालगढ से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 45 मिनट की देरी से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग वाया चूरू-फतेहपुर शेखावाटी-सीकर होकर संचालित होगी।

## कन्या महाविद्यालय में संविधान को जाने प्रतियोगिता आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को आयुक्तालय के निर्देशानुसार बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में संविधान को जाने क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में 25 प्रश्नों का उत्तर देकर छात्राओं ने सर्टिफिकेट प्राप्त किया। लगभग 45 छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया व सर्टिफिकेट प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों पर प्रकाश डाला व छात्राओं को संविधान की महत्ता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर लेखाधिकारी गजेंद्र सिंह भाटी, डॉ विक्रम सोनी, डॉ गजेंद्र दान चारण आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सह आचार्य नवीन कुमार पारीक ने किया।

## अंबेडकर-फुले जयंती पर शिविर में 71 यूनिट रक्त संग्रह

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती व महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के उपलक्ष्य में अंबेडकर भवन झुंझुनूं में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और समाजसेवियों ने भाग लेते हुए 71 यूनिट रक्तदान किया। अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अमरसिंह धीरज और संरक्षक महावीर सानेल ने बताया कि 'जीवन रक्षा ब्लड' झुंझुनूं टीम के सहयोग से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंत्रालयिक कर्मचारी जिलाध्यक्ष राजेश बजाड़ ने बताया कि रक्तदान से शरीर स्वस्थ रहता है, नए रक्त कणों का निर्माण होता है और हृदय रोगों की संभावना भी कम होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश बजाड़ ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रिजवान (राजा) अध्यक्ष एनएसयूआई झुंझुनूं उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस कमेटी एससी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अमरसिंह धीरज व युवा कांग्रेस प्रत्याशी कर्मयोगी कुलहरी मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रभारी अजय वर्मा नुआ ने बताया कि कार्यक्रम में ह्यूमन प्रोटेक्शन जिलाध्यक्ष लोकेश सेवदा, संदीप पाटिल, विकास देरवाला, एडवोकेट सुनील सेवदा, पवन आलडिया, मुकेश बाढलवास (जिला सचिव कांग्रेस कमेटी), विजय सोयल, रोहित सोयल, अंकित भूरिया, एडवोकेट राजेंद्र, एडवोकेट पंकज देव, मधु खन्ना (कांग्रेस उपाध्यक्ष), ममता गर्वा, दीपेंद्र गुडेसर, विकास फतेहसरी, सुमेर माधोपुरा, अंकित सिरोवा, नवीन किलानिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## गहलोत अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए कर रहे है अनावश्यक टिप्पणी : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गहलोत जी अपनी पार्टी की अंदरूनी खींचतान और विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा पर अनावश्यक टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित और संगठित पार्टी है, जहां प्रत्येक नेता अपनी जिम्मेदारी के साथ विचार रखता है। गहलोत को भाजपा के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए, जहां आज भी नेतृत्व को लेकर स्पष्टता नहीं है। गहलोत जी शायद भूल गए कि उनके कार्यकाल में जो कुर्सी की खींचतान चली, वो जगजाहिर है। गहलोत स्वयं सरकार को बचाने के लिए होटलों में बाडाबड़ी करके बैठे रहे। जहां तक वसुंधरा राजे का सवाल है, वे भाजपा की वरिष्ठ और सम्मानित नेता हैं। पार्टी में उनके योगदान और नेतृत्व को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं है। गहलोत द्वारा इस विषय में बयान देना पूरी तरह राजनीतिक अवसरवाद को दर्शाता है। राठौड़ ने कहा कि भारत की विदेश नीति हमेशा से मजबूत, संतुलित और राष्ट्रीय हितों पर आधारित रही है। आज भारत वैश्विक मंच पर एक सशक्त और निर्णायक नेतृत्व के रूप में स्थापित है जिसकी सराहना पूरी दुनिया कर रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जैसे अस्थिर और आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश का उदाहरण देकर भारत की भूमिका पर प्रश्न उठाना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि देश की छवि को भी नुकसान पहुंचाने वाला है। गहलोत को इस प्रकार के बयान देने से बचना चाहिए। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राजस्थान में एकजुट होने का दावा करती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि वहां गुटबाजी चरम पर है और जनता सब कुछ देख चुकी है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस में एकजुटता के दावे पूरी तरह खोखले हैं। अशोक गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली और सचिन पायलट के बीच नेतृत्व और वर्चस्व को लेकर अंदरूनी खींचतान लगातार सामने आ रही है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के ये बड़े नेता सार्वजनिक मंचों पर भले ही एकजुटता दिखाने का प्रयास करें, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि पार्टी आपसी मतभेदों और गुटबाजी से जूझ रही है, जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ा। कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार 4 साल तक अपनी कुर्सी बचाती रही, चुनावी वर्ष में घोषणाएं की, वो भी पूरी नहीं कर पाए। ऐसे में स्पष्ट है कि गहलोत अपना घर संभाले, भाजपा एकजुट है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट है।

## भजनलाल सरकार में अपराधों में आई गिरावट, गहलोत कर रहे अनर्गल बयानबाजी : गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पलटवार करते हुए कहा कि वे राजनीतिक रूप से वजूद में बने रहने के लिए अनर्गल आरोप और भ्रामक वक्तव्य देते हैं। गहलोत ही नहीं, बल्कि प्रदेश कांग्रेस में अंतर्कलह के कारण ऐसी होड़ मची है कि कौन ज्यादा बोले और सुर्खियों में रहे। उन्होंने कहा कि गहलोत को भजनलाल सरकार की तरफ अंगुली उठाने से पहले अपने कार्यकाल के उस दौर को याद करना चाहिए जब निरंतर महिला अत्याचार के प्रकरण सामने आते थे। ऐसे प्रकरणों पर कोई कार्रवाई नहीं होती थी, क्योंकि अपराधियों को संरक्षण प्राप्त था। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए कार्य कर रही है। जिससे महिला अपराधों में कमी आई है, वहीं आमजन तक कानून व्यवस्था की सुलभ पहुंच सुनिश्चित हुई है। वहीं, तत्कालीन गहलोत सरकार के समय में राजस्थान में अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ा। महिला अपराध और साइबर क्राइम में प्रदेश पहले पायदान पर पहुंच गया था। वर्ष 2023 की तुलना में हमारे कार्यकाल में वर्ष 2025 में अपराधों में 18.77 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2023 से 2025 में हत्या के प्रकरणों में 25.68 प्रतिशत, डकैती के प्रकरणों में 47.26 प्रतिशत तथा लूट के प्रकरणों में 50.75 प्रतिशत की कमी के साथ-साथ महिलाओं के विरुद्ध अत्याचारों में भी 9.94 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। बेढम ने कहा कि राज्य सरकार ने महिला सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पुलिस थानों में महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केन्द्रों पर पीड़ित महिलाओं को आवश्यक सहायता व परामर्श प्रदान किया जा रहा है। इसी तरह सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं की रोकथाम के लिए राज्य में 'कालिका पेट्रोलिंग यूनिट' का गठन किया गया है। महिला हेल्पलाईन-181 का संचालन और एंटी रोमियो स्कवॉड का गठन भी किया गया है।

## मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राजीविका मिशन की समीक्षा बैठक ली

### लखपति दीदियों से किया वर्चुअल संवाद

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में रविवार को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी 41 जिलों से जिला परियोजना प्रबंधक व स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लगभग 425 लखपति दीदियों ने सहभागिता की। मुख्य सचिव ने सिटिजन-सेंट्रिक अप्रोच के तहत कार्य करने के निर्देश दिए। विभिन्न जिलों से जुड़ी लखपति व मिलियनेयर दीदियो ने अपने अनुभव साझा किए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव की ओर से राजीविका के कार्यों की समीक्षा करते हुए 10-स्टेप रिफॉर्म लागू करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने राजीविका मिशन के अंतर्गत 4.34 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 51.22 लाख परिवारों की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए क्रेडिट लिंकेज, मार्केट लिंकेज एवं स्किल लिंकेज पर आधारित एक सुदृढ़ रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सफलता की कहानियों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही, महिलाओं के साथ प्रत्येक माह वेबिनार आयोजित कर सतत संवाद व मार्गदर्शन बनाए रखने के लिए भी कहा। मुख्य सचिव ने विभिन्न राज्यों के प्रमुख शहरों एवं महानगरों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए एक समग्र कैलेंडर एवं शो प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि उत्पादों को बेहतर बाजार एवं प्रदर्शन के अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने उद्योग, एमएसएमई, बीआईपी, टेक्सटाइल एक्सपोर्ट से जुड़े विभागों, आरएसएलडीसी व आईटीआई जैसे संस्थानों के साथ समन्वय को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए, जिससे महिलाओं को अधिक अवसर व आजीविका के स्थायी साधन उपलब्ध कराए जा सकें। साथ ही, महिलाओं की ओर से संचालित कुटीर उद्योगों को विकसित कर उन्हें एमएसएमई के रूप में स्थापित करने पर के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्य सचिव की ओर से राजस्थान महिला निधि से संबंधित बैंकिंग प्रक्रियाओं, ऋण अवधि एवं पुनर्भुगतान प्रणाली की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस में डीपीएम रामनिवास, एसबीआई बैंक से मुकेश, अहवाब, जितेन्द्र सहित अन्य राजीविका अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## नवलगढ़ इंजेक्शन चोरी कांड में नया मोड़:आरोपी छात्रा के परिजनों की निष्पक्ष जांच मांग

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** नवलगढ़ जिला अस्पताल में हुए बहुचर्चित 'ह्यूमन एल्ब्यूमिन' इंजेक्शन चोरी प्रकरण ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। जिस छात्रा को 12 लाख रुपये के इंजेक्शन घोटाले की मुख्य कड़ी मानकर एफआईआर दर्ज करवाई गई थी, उसने अब अस्पताल प्रशासन के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है। छात्रा के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले की निष्पक्ष जांच और अस्पताल के 'नेक्सस' के पर्दाफाश की मांग की है। छात्रा ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए परिवाद में उसे जानबूझकर फंसाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा का दावा है कि उसकी इंटर्नशिप खत्म होने के बावजूद उसे डॉक्टर की ओर से अनुचित दबाव डालकर रात की ड्यूटी पर बुलाया जाता था। छात्रा ने फरवरी और मार्च 2026 के व्हाट्सएप चैट और कॉल रिकॉर्ड पेश किए हैं। छात्रा का कहना है कि उसे मात्र 100 रुपये प्रति रात के लालच में अवैध रूप से काम पर रखा गया था, ताकि अस्पताल के भीतर चल रही संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम दिया जा सके।

### षड्यंत्र के तहत बनाया गया वीडियो:

छात्रा ने 1 अप्रैल की घटना का सिलसिलेवार विवरण देते हुए बताया कि नर्सिंग ऑफिसर संदीप ने स्टाफ रूम की अलमारी से इंजेक्शन निकालकर चुपके से उसके बैग में रखे थे। छात्रा के अनुसार, जैसे ही इंजेक्शन रखे गए, डॉ. वहां पहुंचीं और मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया, ताकि इसे रंगे हाथों पकड़ी गई चोरी का रूप दिया जा सके। ज्ञापन में छात्रा ने बताया कि उसके बैग में इंजेक्शन प्लांट किए गए थे। यह सब इसलिए किया गया ताकि अस्पताल के स्टॉक से गायब हुए 323 इंजेक्शन्स का दोष मुझ पर मढ़ा जा सके और असली गुनहगार बच सकें।

### गहराता जा रहा है 12 लाख के इंजेक्शन्स का रहस्य:

अस्पताल की आंतरिक जांच रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में 894 इंजेक्शन आए थे, जिनमें से 323 गायब हैं। छात्रा ने सवाल उठाया है। परिजनों ने मांग की है कि जांच नवलगढ़ पुलिस के बजाय किसी उच्चाधिकारी या विशेष जांच दल से करवाई जाए। जब्त किए गए मोबाइल और व्हाट्सएप चैट की फॉरेंसिक जांच की जाए ताकि डॉक्टर और छात्रा के बीच के संवाद की सच्चाई सामने आ सके। छात्र के परिजनों ने सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। अस्पताल के पिछले एक साल के स्टॉक रजिस्टर और सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच हो।

## टीकाकरण की स्टेट टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)** प्रदेश में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय कैंसर) से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाई जाएगी। सोमवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित टीकाकरण कार्यक्रम की स्टेट टॉस्क फोर्स की बैठक में इस संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। मिशन निदेशक एनएचएम श्री जोगाराम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न सहयोगी राजकीय विभागों और डवलपमेंट पार्टनर संस्थाओं को सामूहिक प्रयास बढ़ाकर 14 वर्ष की उम्र की सभी बालिकाओं के यू-विन साफ्टवेयर में रजिस्ट्रेशन करवाकर उन्हें एचपीवी प्रतिरक्षक टीका लगवाने और समुदाय में इसके लिए जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिये गये। मिशन निदेशक एनएचएम ने बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय गाइडलाइन के अनुसार मापदंडों की पालना करते हुए 2795 टीकाकरण सत्र संचालित किये गये हैं, जिनमें लक्षित 14 वर्ष की उम्र की 7720 लाभार्थियों को आवश्यक एचपीवी टीके लगाये दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि गाइडलाइन के अनुसार एचपीवी टीकाकरण के लिए लाभार्थी को यू-विन आनलाइन साफ्टवेयर में पंजीयन करना होता है और उसी के अनुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष एचपीवी टीकाकरण सत्र आयोजित कर पंजीकृत बालिकाओं को संबंधित टीके लगाने का प्रावधान है। मिशन निदेशक ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा उपलब्ध करवाये जाने वाला एचपीवी टीका पूर्णतः सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। आमजन में टीके को लेकर किसी भी तरह की भ्रांति और मिथकों को दूर करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग सहित अन्य विभाग अपनी सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने एचपीवी टीकाकरण अभियान की उपलब्धियों, चुनौतियों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रतेश्वर ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं को प्रभावित करने वाला गंभीर रोग है और वैश्विकस्तर पर लगभग 99 प्रतिशत से अधिक मामले ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण के सामने आते हैं। वहीं भारत में यह महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद यह दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है, इसलिए इसकी रोकथाम अत्यंत आवश्यक है।

## कोविड में अनाथ युवक को अनुकम्पा नियुक्ति, कलेक्टर संदेश नायक की पहल से मिला सहारा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** कोविड-19 महामारी में अपने माता-पिता को खो चुके युवक को जिला प्रशासन ने बड़ी राहत देते हुए अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की है। जिला कलेक्टर संदेश नायक के निर्देशानुसार मनन गोयल को जिला कलेक्टर कार्यालय जयपुर में कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। जानकारी के अनुसार मनन गोयल के माता-पिता—सुषमा गोयल और अरुण कुमार गोयल—का निधन कोविड-19 के दौरान हो गया था। राज्य सरकार की ओर से लागू अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम, 2024 के तहत उन्हें यह नियुक्ति प्रदान की गई। जिला प्रशासन की इस पहल को मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कलेक्टर संदेश नायक के नेतृत्व में प्रशासन की ओर से जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने के प्रयासों की व्यापक सराहना हो रही है। यह निर्णय न केवल एक परिवार को संबल देने वाला है, बल्कि अन्य प्रभावित परिवारों के लिए भी उम्मीद की किरण बनकर सामने आया है।

## राज्यपाल ने दी अंबेडकर जयंती पर शुभकामनाएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल बागडे ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का स्मरण करते हुए कहा कि वंचित एवं कमजोर वर्ग के कल्याण के साथ समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में उनका अप्रतिम योगदान रहा। संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन आदर्श मूल्यों से जुड़ा रहा है। राज्यपाल ने सभी से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलते हुए भेदभाव रहित समाज के निर्माण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

## 100 साल पुराने बालाजी मंदिर का रास्ता बंद, 'निजी संपत्ति' बोर्ड से बढ़ा विवाद, भक्तों में रोष

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** सीतापुरा रीको इंडस्ट्रियल एरिया के दहलाबाद सीमा क्षेत्र में स्थित करीब 100 साल पुराने बालाजी मंदिर के रास्ते को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मंदिर तक जाने वाले मार्ग को बंद कर वहां 'निजी संपत्ति' का बोर्ड लगाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह मंदिर वर्षों से आस्था का केंद्र रहा है और लोग नियमित रूप से यहां दर्शन करने आते रहे हैं। अचानक रास्ता बंद किए जाने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि संबंधित जमीन पहले गौशाला निर्माण के नाम पर ली गई थी, लेकिन अब वहां फार्म हाउस व अन्य निर्माण कार्य किए जाने की आशंका है। इसे लेकर क्षेत्र में असंतोष बढ़ता जा रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर जयपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा, सांगानेर से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश व्यास, पार्षद अमित सैनी व राजीव चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। नेताओं ने कहा कि यह मामला आमजन की आस्था से जुड़ा है, ऐसे में मंदिर के रास्ते पर रोक लगाना उचित नहीं है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर शीघ्र समाधान निकालने की मांग की है। फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और स्थानीय लोग जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।

संपादकीय जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
14 अप्रैल, 2026

## सम्पादकीय

# स्थायी शांति के लिए संवाद की गुंजाइश बनाने के लिए हर स्तर पर पहलकदमी हो




ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद हाल ही में जब युद्धविराम पर सहमति बनी थी, तब एक उम्मीद पैदा हुई कि संभवतः दोनों पक्ष जल्दी ही स्थायी समाधान तक पहुंचने की कोशिश करेंगे। हालांकि इस बीच लेबनान पर इजरायल के हमले जारी रहने की वजह से युद्धविराम खतरे में पड़ता दिखा। इसके बावजूद पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता से यह उम्मीद बंधी थी कि संभवतः युद्ध खत्म होने की कोई राह निकलेगी। मगर वार्ता की विफलता की जैसी जैसी खबरें आईं, वे निराश करने वाली हैं। दरअसल, रविवार को बातचीत खत्म होने के बाद अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच फासला कम करने और समझौता कराने की पूरी कोशिश की गई, लेकिन हम किसी समझौते तक नहीं पहुंच सके। दूसरी ओर, ईरान की ओर से कहा गया कि अमेरिका की ह्यअत्यधिक गैरवाजिब मांगोंह्न और उसके रुख में लचीलापन न होने के कारण दोनों देशों के बीच हुई बातचीत किसी समझौते के बिना खत्म हो गई।जाहिर है, इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच लगभग इक्कीस घंटे चली बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। इसीलिए इसे एक विफल वार्ता कहा जा रहा है। सवाल है कि जब दोनों पक्षों के सामने विवाद के मुद्दे स्पष्ट थे, तो क्या वे इन पर व्यावहारिक रुख अख्तियार करते हुए युद्ध खत्म करने के मकसद के साथ एक कदम पीछे, चार कदम आगे के सूत्र पर काम नहीं कर सकते थे। अमेरिका किसी भी समझौते तक पहुंचने के लिए ईरान से परमाणु हथियार नहीं बनाने और इस क्षमता को हासिल करने के लिए जरूरी उपकरण जुटाने से दूर रहने का आश्वासन चाहता है। वहीं ईरान का कहना है कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए कई रचनात्मक योजनाएं पेश कीं, लेकिन अमेरिकी ईरान का विश्वास हासिल नहीं कर सके। जब युद्ध खत्म करने की इच्छा के पीछे ईमानदारी हो, तो वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए शर्तों को पूरा किए जाने की मांग के जिद में तब्दील होने से बचने के हालात बनाने की जरूरत होती है। बातचीत के प्रमुख मुद्दों में ईरान में युद्ध का पूरी तरह अंत, ईरान की जब्त संपत्तियां परमाणु कार्यक्रम, युद्ध मुआवजा, प्रतिबंधों को हटाना और होर्मुज जलमार्ग शामिल थे। मगर क्या इन मसलों पर दोनों पक्षों की ओर से व्यावहारिक नजरिया अपनाए बिना किसी ठोस हल तक पहुंचा जा सकता है? यह समझना मुश्किल है कि जब ईरान के मुताबिक चौदह दिनों के युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी हमले रोकना भी शामिल था, तो इजरायल को लेबनान के नागरिक ठिकानों पर हमला करके शांति की उम्मीद पर चोट करने की क्या जरूरत थी। गौरतलब है कि इजरायल के इसी हमले के बाद ईरान ने दोबारा होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की घोषणा कर दी थी। सिर्फ इस जलमार्ग के बाधित होने की वजह से भारत सहित दुनिया के बहुत सारे देशों में प्राकृतिक गैस और तेल की आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ा है। यह सही है कि अमेरिका और ईरान के जैसे संबंध रहे हैं, उसमें सब कुछ ठीक हो जाने की उम्मीद करना मुश्किल है। मगर लंबे अरसे के बाद दोनों देशों के बीच बातचीत का अवसर निकला था। इसलिए शांति वार्ता के नाकाम होने के बावजूद जरूरत इस बात की है कि सबसे पहले कम से कम युद्धविराम को बनाए रखने के लिए सभी पक्ष संवेदनशील रहें।

## सुरों की अमर सरगमः आशा भोसले का अविस्मरणीय, अनूठा और यादगार सफर



सुनील कुमार महला

मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले का 12 अप्रैल 2026 को 92 वर्ष की आयु में 'कार्डियक अरेस्ट' के कारण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार चेस्ट इंफेक्शन और अत्यधिक थकान के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उनके निधन के साथ ही हिंदी सिनेमा का एक स्वर्णिम और सुरम्य अध्याय समाप्त हो गया। उनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर, जिन्हें 'भारत कोकिला/स्वर कोकिला' कहा जाता है, का निधन 6 फरवरी 2022 को रविवार के दिन, 92 वर्ष की आयु में इसी अस्पताल में हुआ था। एक मार्मिक संयोग यह भी रहा कि ठीक लगभग चार वर्ष बाद, 22 अप्रैल 2026 को रविवार के दिन ही आशा भोसले ने भी 92वें वर्ष में उसी अस्पताल में अंतिम सांस ली। 8 सितम्बर 1933 को सांगली(महाराष्ट्र) में जन्मी आशा जी, महान शास्त्रीय गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। उनके परिवार में उषा मंगेशकर, मीना खाडिकर और हृदयनाथ मंगेशकर जैसे प्रतिभाशाली सदस्य भी संगीत साधना से जुड़े रहे। पिता के असमय निधन के बाद उन्होंने बहुत कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारियां संभालीं और परिस्थितियोंवश गायन को अपनाया-इसी कारण वे स्वयं को 'एक्सीडेंटल सिंगर' भी कहा करती थीं। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि अपने विलक्षण और दीर्घ करियर में आशा भोसले ने 20 से अधिक भाषाओं में लगभग 12,000 से भी अधिक गीत गाए और 1000 से अधिक फिल्मों में अपनी आवाज़ दी और इस अद्वितीय,अनूठी व शानदार उपलब्धि के लिए वर्ष 2011 में उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। शास्त्रीय संगीत की सुदृढ़ नींव पर आधारित उनकी गायकी ने ग़ज़ल, भजन, पॉप, कैबरे और पश्चिमी संगीत तक हर विधा में अपना जादू बिखेरा। उनकी 'वॉइस मॉड्यूलेशन' की अद्भुत क्षमता-भाव, लय और शब्द के अनुरूप आवाज़ को ढाल लेने की कला-उन्हें अपने समय की सबसे बहुमुखी और प्रयोगशील गायिकाओं में स्थापित करती है। उनके निजी जीवन में कई उतार-चढ़ाव आए। उनका पहला विवाह गणपत राव भोसले से हुआ, जो सफल नहीं रहा। बाद में उन्होंने 1980 में प्रसिद्ध संगीतकार आर. डी. बर्मन (पंचम दा) से विवाह किया। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि पंचम दा उनसे लगभग छह वर्ष छोटे थे। वे पहली बार आशा जी से ऑटोग्राफ लेने आए थे और बाद में विवाह का प्रस्ताव रखा। प्रारंभ में आशा जी ने इसे अस्वीकार किया, किंतु अंततः यह संबंध जीवन और संगीत-दोनों में अमर सिद्ध हुआ। इस जोड़ी ने हिंदी फिल्म संगीत को अनेक कालजयी गीत दिए। इसके अतिरिक्त, संगीतकार ओ. पी. नैयर के साथ उनकी जोड़ी भी अत्यंत लोकप्रिय रही; नैयर साहब उनकी आवाज़ की 'अदा' और 'नमक' के इतने प्रशंसक थे कि उन्होंने कभी लता मंगेशकर से गीत नहीं गवाए। उल्लेखनीय है कि आशा भोसले को फिल्म उमराव जान (1981) की ग़ज़लों के लिए अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिससे यह सिद्ध हो गया कि वे केवल चंचल या कैबरे गीतों तक सीमित नहीं थीं, बल्कि गंभीर और शास्त्रीय विधाओं में भी उतनी ही समर्थ थीं। इतना ही नहीं, वर्ष 2000 में उन्हें प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और वर्ष 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्होंने एस. डी. बर्मन, ए. आर. रहमान और किशोर कुमार जैसे महान कलाकारों के साथ अनगिनत लोकप्रिय गीत दिए। 62 वर्ष की आयु में फिल्म रंगीला के 'तन्हा तन्हा' और 'रंगीला रे' जैसे गीतों ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी आवाज़ में युवाओं जैसी ऊर्जा आजीवन बनी रही। 'आओ हुज़ूर तुमको' (फिल्म किस्मत) जैसे गीतों में उनका सहज, बिना रिहर्सल का भाव-संयोजन आज भी मिसाल माना जाता है। हाल फिलहाल,यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि गायन के अतिरिक्त उन्होंने अभिनय(एक्टिंग) में भी रुचि दिखाई और 2013 में फिल्म माई से मुख्य अभिनेत्री के रूप में पदार्पण किया। वे उत्कृष्ट पाक-शैली की शौकीन थीं; उनका कहना था कि यदि वे गायिका न होतीं, तो एक बेहतरीन कुक बनतीं। कहते हैं कि उनके हाथ का 'कढ़ाई गोश्त' और 'मछली' किशोर कुमार और आर. डी. बर्मन जैसे दिग्गजों के बीच बेहद लोकप्रिय था। उनके नाम से 'आशा'ज' रेस्टोरेंट श्रृंखला दुबई, कुवैत, बहरीन और यूनाइटेड किंगडम में प्रसिद्ध रही, जो उनकी व्यावसायिक समझ का भी प्रमाण है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली के साथ उन्होंने-'यू आर द वन फोर मी' गीत गाया। वर्ष 2005 में-' यू हैव स्टोलन माई हर्ट' एल्बम क्रोनोस क्वार्टेट के साथ रिकॉर्ड किया, जो ग्रैमी पुरस्कारों के लिए नामांकित हुआ। यहां यह उल्लेखनीय है कि वे ग्रैमी के लिए नामांकित होने वाली अग्रणी भारतीय गायिकाओं में शामिल रहीं। उन्होंने अंग्रेज़ी, रूसी, मलय और चेक जैसी विदेशी भाषाओं में भी गीत गाए, जिनमें उनका उच्चारण अत्यंत सटीक था। साथ ही, वे मिमिक्री कला में भी निपुण थीं। उनका व्यक्तिगत जीवन भी गहरे दुखों से गुज़रा। वर्ष 2012 में उनकी बेटी वर्षा और 2015 में पुत्र हेमंत का निधन हुआ, जिसने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। इसके बावजूद उन्होंने कभी अपने चेहरे की मुस्कान और संगीत के प्रति समर्पण को कम नहीं होने दिया। 80 वर्ष की आयु के बाद भी वे मंच पर सक्रिय रहीं, जो उनके अदम्य उत्साह और जीवटता का प्रमाण है। उनका सिग्नेचर लुक-सफेद साड़ी और मोतियों का हार-उनकी सादगी, गरिमा और विशिष्ट पहचान का प्रतीक बन गया। निस्संदेह, आशा भोसले का जीवन केवल एक महान गायिका की जीवनी नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस, प्रयोगधर्मिता और आत्मविश्वास की प्रेरक गाथा है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि वे किसी की परछाईं नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान गढ़ने वाली अद्वितीय कलाकार थीं। 'पिया तू अब तो आजा' जैसे चंचल गीतों से लेकर शास्त्रीय ग़ज़लों तक, उनकी आवाज़ ने हर भाव को अमर बना दिया। उनकी सुरमयी विरासत सदैव संगीत प्रेमियों के हृदय में गूंजती रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित व प्रोत्साहित करती रहेगी।

# कूटनीति पर भारी पड़ी भरोसे की कमी

*ईरान केवल तनाव घटाने की मांग के साथ ही सामने नहीं आया, बल्कि उसने पश्चिम के साथ अपने संबंधों के नए सिरे से संयोजन की मांग रखी। इस पुनर्संयोजन में प्रतिबंधों से राहत, जब्त की हुई परिसंपत्तियों तक निर्बाध पहुंच, हालिया सैन्य हमलों से हुए नुकसान की भरपाई का मुआवजा और एक व्यापक क्षेत्रीय युद्धविराम शामिल था, जिसमें हिजबुल्ला जैसे सहयोगियों के खिलाफ इजरायली सैन्य कार्रवाइयों पर रोक भी शामिल थी। वार्ता के इस ढांचे में मौजूद विसंगतियों ने पहले से ही सुनिश्चित कर दिया कि बात नहीं बनने वाली। जहां वाशिंगटन इसे एक तात्कालिक संकट के रूप में देखते हुए फौरी राहत पर जोर दे रहा था तो तेहरान को यह अपने समीकरणों को नए सिरे से तय करने का अवसर महसूस हुआ। यानी अमेरिका बस आग को बुझाना चाहता था और ईरान की मंशा अपने क्षतिग्रस्त भवन के नए सिरे से निर्माण की थी। दोनों पक्षों के बीच होर्मुज जलमार्ग एक अहम बिंदु बन गया है। अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए इस जलमार्ग के माध्यम से ऊर्जा आपूर्ति के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करना एक रणनीतिक आवश्यकता है। इसीलिए वाशिंगटन का आग्रह रहा कि परस्पर विश्वास बहाली के लिए इसे तुरंत खोला जाए। जबकि तेहरान का जोर व्यापक समझौते को अमल में लाने पर था। देखा जाए तो ईरान ने अपनी अपेक्षाकृत कमजोर सैन्य ताकत और आर्थिक कमजोरियों के*



इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान की वार्ता पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी थीं, लेकिन इसके परिणाम सकारात्मक नहीं रहे। इस वार्ता का विफल होना राजनयिक कुप्रबंधन कम, बल्कि उस बुनियादी जड़ता को ही अधिक रेखांकित करता है, जो आज भी दोनों देशों के संबंधों को परिभाषित करती है। दोनों पक्षों के वरिष्ठ नेतृत्व की मौजूदगी और उच्चस्तरीय संपर्क के बीच यह वार्ता अतिवादी मांगों, गहरे अविश्वास और असंगत रणनीतिक दृष्टिकोण के बोझ तले दबी रही।

इस्लामाबाद वार्ता का परिणाम प्रक्रिया की विफलता नहीं, बल्कि गतिरोध से भरी उन परिस्थितियों का ही एक पूर्वानुमानित परिणाम रही, जिन परिस्थितियों को बदलने के लिए दोनों ही पक्षों में न तो कोई सक्षम दिख रहा था और न ही इसके लिए तैयार। इस गतिरोध का एक अहम पहलू है परमाणु हथियारों को लेकर ईरान का मोह। स्वाभाविक है कि ईरान यह मोह नहीं छोड़ना चाहता। वहीं अमेरिका का स्पष्ट रुख है कि ईरान को न केवल परमाणु मोर्चे पर हुई प्रगति को पीछे छोड़ना होगा, बल्कि उस तकनीकी क्षमता से भी वंचित होना पड़ेगा जो भविष्य में उसे परमाणु शक्ति से संपन्न करने में सहायक बने। परमाणु की यह पहेली ईरान के लिए उसकी संप्रभुता का सवाल बन गई है। वार्ता के दायरे और महत्वाकांक्षाओं को लेकर उपजे मतभेदों ने भी इसे और जटिल बना दिया। अमेरिका जहां परमाणु प्रतिबंध और होर्मुज जलमार्ग में स्वतंत्र एवं मुक्त आवाजाही जैसे सीमित उद्देश्यों के साथ वार्ता की मेज पर आया, वहीं ईरान का एजेंडा कहीं अधिक व्यापक था। ईरान केवल तनाव घटाने की मांग के साथ ही सामने नहीं आया, बल्कि उसने पश्चिम के साथ अपने संबंधों के नए सिरे से संयोजन की मांग रखी। इस पुनर्संयोजन में प्रतिबंधों से राहत, जब्त की हुई परिसंपत्तियों तक निर्बाध पहुंच, हालिया सैन्य हमलों से हुए नुकसान की भरपाई का मुआवजा और एक व्यापक क्षेत्रीय युद्धविराम शामिल था, जिसमें हिजबुल्ला जैसे सहयोगियों के खिलाफ इजरायली सैन्य कार्रवाइयों पर रोक भी शामिल थी। वार्ता के इस ढांचे में मौजूद विसंगतियों ने पहले से ही सुनिश्चित कर दिया कि बात नहीं बनने वाली। जहां वाशिंगटन इसे एक तात्कालिक संकट के रूप में देखते हुए फौरी राहत पर जोर दे रहा था तो तेहरान को यह अपने समीकरणों को नए सिरे से तय करने का अवसर महसूस हुआ। यानी अमेरिका बस आग को बुझाना चाहता था और ईरान की मंशा अपने क्षतिग्रस्त भवन के नए सिरे से निर्माण की थी। दोनों पक्षों के बीच होर्मुज जलमार्ग एक अहम बिंदु बन गया है। अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए इस जलमार्ग के माध्यम से ऊर्जा आपूर्ति के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करना एक रणनीतिक आवश्यकता है। इसीलिए वाशिंगटन का आग्रह रहा कि परस्पर विश्वास बहाली के लिए इसे तुरंत खोला जाए। जबकि तेहरान का जोर व्यापक समझौते को अमल में लाने पर था। देखा जाए तो ईरान ने अपनी अपेक्षाकृत कमजोर सैन्य ताकत और आर्थिक कमजोरियों के मुकाबले होर्मुज की भौगोलिक स्थिति को अपनी रणनीतिक ढाल के रूप में इस्तेमाल कर इस संघर्ष में संतुलन का प्रयास किया है। उसका संदेश स्पष्ट है कि ईरान के हितों को कुछ टुकड़ों में नहीं, बल्कि समग्रता में देखना होगा। इस संदर्भ में होर्मुज जलमार्ग एक सामुद्रिक परिवहन एवं ढुलाई से अधिक एक बड़ी भू-राजनीतिक सौदेबादी का औजार बन गया है। बातचीत की विफलता के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर चालू हो गया है। परस्पर दोषारोपण का यह दौर किसी पुराने नासूर का प्रतीक है। जहां अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान के प्रस्तावों को अपर्याप्त और गंभीरता के अभाव से ग्रस्त बताया तो ईरानी प्रतिनिधियों ने वाशिंगटन पर भली मंशा के बिना हद से ज्यादा और अवैध मांगें थोपने का आरोप लगया है। ये आरोप किसी वाक् युद्ध से अधिक उस रुझान को ही दर्शाते हैं जिसके कारण अतीत की वार्ताएं भी पटरी से उतरती आई हैं। इसमें 2025 और 2026 में ओमान की मध्यस्थता में विफल वार्ताओं का दौर भी शामिल है। इन कूटनीतिक प्रयासों पर संदेह की बदलियां ही छाई रहीं और हर पक्ष दूसरे पर बुरी मंशा का आरोप मढ़ता रहा कि यह सब ध्यान भटकाने या रियायतें मांगने के लिए हो रहा है। इससे भरोसे की परत ऐसी पिघलती गई कि नेक इरादों के साथ की जाने वाली कोई सार्थक पहल भी विफल होने के लिए अभिशप्त सी हो गई है।

इस्लामाबाद वार्ता की विफलता के गंभीर तात्कालिक एवं दूरगामी परिणामों की आशंका बढ़ गई है। अभी जो लड़ाई थमी हुई दिख रही है, वह आने वाले दिनों में और भयावह रूप ले सकती है। इसके आर्थिक परिणाम भी बहुत घातक हो सकते हैं। वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक अहम किरदार होर्मुज जलमार्ग में गतिरोध से वैश्विक आर्थिकी की सेहत बिगड़ सकती है। इससे जहाजों से ढुलाई महंगी होने के साथ ही तेल की कीमतें भी बढ़ेंगी और महंगाई का दबाव भी असर दिखाएगा। पहले से ही नाजुक दौर से गुजर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए यह और बड़ा झटका होगा।वार्ता की विफलता ईरान के राजनीतिक एवं रणनीतिक भविष्य को भी नया आकार दे सकती है। प्रतिबंधों से राहत न मिलना ईरान की आर्थिक चुनौतियों को और बढ़ाएगा, जिससे घरेलू स्थिरता बनाए रखने की मौजूदा शासन की क्षमताओं पर भारी दबाव पड़ेगा।

# एक शोख आवाज का गुम हो जाना

*आशा भोसले की यात्रा को आज इसी संदर्भ में याद करना प्रासंगिक होगा कि उन्होंने अपने पहले हुईं महान पार्श्वगायिकाओं, जैसे राजकुमारी, सुरैया, जोहराबाई अंबालेवाली, शमशाद बेगम, गीता दत्त और लता मंगेशकर की उपस्थिति में खुद की उपस्थिति को न सिर्फ प्रासंगिक बनाया, बल्कि पार्श्वगायन का ऐसा अनूठा व्याकरण बनती चली गईं, जिनके हिस्से जो भी गीत आया, वह आज की भाषा में चार्टबस्टर हुआ। 'आइए मेहरबां' (हावड़ा ब्रिज), 'मुड़-मुड़ के न देख मुड़-मुड़ के' (श्री 420), 'शोख नजर की बिजलियां, (वो कौन थी) जैसे ढेरों गानों से आशा जी के मुहावरे को समझा जा सकता है, जहां न लता मंगेशकर की सादगी है और न ही शमशाद बेगम का तीखापन। सारे स्वरों के बीच से निकलती हुई ऐसी दोलन करती आवाज, जिसे गुनगुनाना पिछली सदी के छठे दशक में आधुनिकता के प्रति आकर्षित हो*

आग के शोलों की तरह लपकती और युवाओं के मन को झंकृत करने वाली आवाज का युग आज समाप्त हो गया। पंडित दीनानाथ मंगेशकर की दूसरी बेटी भी भारतीय पार्श्वगायन के महान परिदृश्य से सदा के लिए ओझल हो गईं, जिसे लता मंगेशकर के अवसान के बाद दक्षिण एशियाई देशों में आखिरी महत्वपूर्ण आवाज के रूप में जाना जाता था। आशा भोसले, जिन्हें सदियों में एक आशा के मुहावरे से याद किया जाता था। ऐसे समय सुर संगीत के क्षेत्र में अपनी मोहक और मादक स्वर के साथ एकाएक सुनहरे पर्दे पर आई थीं, जिनके पहले उन्हीं की बड़ी बहन लता मंगेशकर ने अपनी दैवीय पवित्र आवाज के साथ एक अलग ही एकाधिकार साधा हुआ था। वर्ष 1933 में ब्रिटिश उपनिवेशवाद के दौर में सांगली (महाराष्ट्र) में जन्मीं आशा जी, मंगेशकरों में सर्वथा अलग थीं, जैसे सात सुरों के बीच उनकी उपस्थिति का एक गहरा अभिप्राय हो। आज इंटनेरट मीडिया, यू-ट्यूब और स्पाटिफाई के जमाने में जब तीन मिनट की धुन आधारित रिद्म वाले गीतों पर युवा झूमने को तैयार रहते हैं, उसकी शुरुआत का श्रेय आशा जी को जाता है, जिन्होंने मुख्य अभिनेत्रियों के सदाबहार दर्दीले गीतों वाली फिल्मों में सहनायिका के लिए वह स्थान पैदा किया, जहां से क्लब या महफिलों में झूमने वाले गीतों को भी एक मुकाम मिलने लगा। उनके जीवन में अपनी बड़ी बहन की तरह ही सफलता, बड़े संघर्षों के बाद आई और यह भी हुआ कि घर में ही सबसे मजबूत और लोकप्रिय आवाज के साथ प्रतिस्पर्धा भी उन्हें झेलनी पड़ी। आशा भोसले की यात्रा को आज इसी संदर्भ में याद करना प्रासंगिक होगा कि उन्होंने अपने पहले हुईं महान पार्श्वगायिकाओं, जैसे राजकुमारी, सुरैया, जोहराबाई अंबालेवाली, शमशाद बेगम, गीता दत्त और लता मंगेशकर की उपस्थिति में खुद की उपस्थिति को न सिर्फ प्रासंगिक बनाया, बल्कि पार्श्वगायन का ऐसा अनूठा व्याकरण बनती चली गईं, जिनके हिस्से जो भी गीत आया, वह आज की भाषा में चार्टबस्टर हुआ। 'आइए मेहरबां' (हावड़ा ब्रिज), 'मुड़-मुड़ के न देख मुड़-मुड़ के' (श्री 420), 'शोख नजर की बिजलियां, (वो कौन थी) जैसे ढेरों गानों से आशा जी के मुहावरे को समझा जा सकता है, जहां न लता मंगेशकर की सादगी है और न ही शमशाद बेगम का तीखापन। सारे स्वरों के बीच से निकलती हुई ऐसी दोलन करती आवाज, जिसे गुनगुनाना पिछली सदी के छठे दशक में आधुनिकता के प्रति आकर्षित हो रही युवतियों को बहुत भाया। उनके जीवन में संगीतकार ओंकार प्रसाद नैयर का आगमन वैसे तो वर्ष 1954 में 'मंगू' से हो गया था, जिसके लिए उन्होंने पहले पहल 'मन मोरे गा झूम के' गाया, मगर व्यापक परिदृश्य पर उन्हें 'नया दौर' का संगीत सामने लेकर आया, जिसके सभी गीत वर्ष 1957 के दौरान देशभर की धड़कन बन गए थे। मो. रफी के साथ दिलीप कुमार और वैजयंती माला के लिए गाया हुआ युगल गीत 'मांग के साथ तुम्हारा, मैंने मांग लिया संसार' ने उनकी नैयर के साथ जोड़ी को आगे के दो दशक तक मिथक बना दिया। आशा भोसले ने अपने संपूर्ण पार्श्वगायन के करियर में कभी भी प्रचलित नियमों को उसी तरह नहीं स्वीकारा, जो चलन में रहे। उनकी आवाज में बहलाव, भटकन, विरह, प्रतीक्षा आदि की अनेक सिलवटें पड़ी हुई हैं। जैसे वह साबित करने के लिए व्यग्र थीं कि मेरी शैली का कोई दूसरा चेहरा भारतीय फिल्म संगीत में ढूंढ़ पाना असंभव होगा और उन्होंने ऐसा कर दिखाया भी। आशा जी ही यह कर सकती थीं कि किशोर कुमार और मोहम्मद रफी के साथ ढेरों ऐसे प्रणय गीत गा सकीं, जिन पर आज भी युवा फिसल-फिसल जाएं। उन गीतों की एक लंबी लिस्ट है।



# विफल वार्ता के दुष्परिणाम



जैसी आशंका थी वैसा ही हुआ, ईरान और अमेरिका के बीच इस्लामाबाद में 21 घंटे तक चली वार्ता विफल हो गई। इसका कारण दोनों पक्षों का अपने रवैये से टस से मस न होना रहा। जहां अमेरिका हर हाल में यह सुनिश्चित करना चाहता था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने का इरादा छोड़े, वहीं ईरान न तो इसके लिए तैयार था और न ही अपनी इस जिद को छोड़ने के लिए कि होर्मुज समुद्री मार्ग पर उसका आधिपत्य रहना चाहिए। साफ है कि वार्ता में ईरान ने भी अड़ियल रवैये का परिचय दिया। वह परमाणु हथियारों से लैस हो, इसे कोई भी नहीं चाहता-अमेरिका और इजरायल तो कदापि नहीं। इसकी अनदेखी न की जाए कि ईरान इजरायल को दुनिया के मानचित्र से मिटाने की बात करता रहता है और उस पर हमले करने वाले हमास, हिजबुल्ला सरीखे आतंकी संगठनों को हर तरह का सहयोग-समर्थन देता है। ईरान का यह दावा झूठा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम नाभिकीय हथियारों के निर्माण के लिए नहीं है, क्योंकि उसके पास इसका कोई जवाब नहीं कि वह तय सीमा से कहीं अधिक यूरेनियम संवर्धन क्यों कर रहा है? यदि वह परमाणु हथियारों से लैस हुआ तो पश्चिम एशिया में दादागीरी तो दिखाएगा ही, इजरायल के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा भी बनेगा। विश्व को यह भी स्वीकार नहीं हो सकता कि वह होर्मुज को अपनी निजी जागीर समझे। अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार इस जलमार्ग पर उसका एकाधिकार नहीं। यदि ईरान के लिए यह आवश्यक है कि वह होर्मुज और यूरेनियम संवर्धन पर अपना हठ छोड़े तो अमेरिका को भी वहां सत्ता परिवर्तन कराने के अपने अतिवादी विचार का परित्याग करना होगा। अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता विफल होना पश्चिम एशिया के लिए ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए निराशा और चिंता का कारण है। इस वार्ता की विफलता के बाद ट्रंप ने जिस तरह होर्मुज की नाकेबंदी करने और वहां से एक भी जहाज न निकलने देने की धमकी दी, वह तो ऊर्जा संकट को और खतरनाक स्थिति में ले जाने वाली बात है। उनकी यह धमकी भारत के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है

# अरावली में तेंदुआ-मानव संघर्ष की अनोखी कहानी : नुकसान भारी, फिर भी कायम सहअस्तित्व की मिसाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/उदयपुर।** दक्षिणी अरावली क्षेत्र में इंसान और तेंदुए के बीच संबंध टकराव के साथ-साथ सहअस्तित्व की एक प्रेरक तस्वीर भी पेश कर रहे हैं। जयसमंद वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में किए गए 13 वर्षों के विस्तृत अध्ययन में सामने आया है कि आर्थिक नुकसान के बावजूद स्थानीय समुदायों में तेंदुए के प्रति सहनशीलता बनी हुई है। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. विजय कुमार कोली के नेतृत्व में 2011 से 2024 के बीच किए गए अध्ययन में 572 मानव-तेंदुआ संघर्ष घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें से करीब 98' घटनाएं पशुधन के शिकार से जुड़ी पाई गईं, जबकि मानव पर हमले के मामले बेहद कम रहे।



**रात में बढ़ता खतरा, बकरियां सबसे ज्यादा निशाने पर**

शोध के अनुसार तेंदुए के हमले अधिकतर रात के समय होते हैं, जब पशु खुले या कच्चे बाड़ों में बंधे होते हैं। बकरियां, गाय और बछड़े सबसे अधिक शिकार बने। अभयारण्य से सटे और ऊंचाई वाले गांवों में खतरा ज्यादा पाया गया, जहां जंगल और बस्तियां आमने-सामने हैं।

**मुआवजा प्रणाली में खामियां, फिर भी नहीं टूटा धैर्य**

अध्ययन में सामने आया कि कुल घटनाओं में से केवल 31' मामलों में ही मुआवजे के लिए दावा किया गया। स्वीकृत राशि भी वास्तविक नुकसान से काफी कम रही। जटिल प्रक्रिया और जागरूकता की कमी इसके मुख्य कारण हैं। इसके बावजूद ग्रामीणों में तेंदुए के प्रति हिंसक प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिली, जो इस क्षेत्र की बड़ी विशेषता है।

**बदले की भावना नहीं, सहअस्तित्व की मजबूत नींव:**

शोध की सबसे सकारात्मक बात यह रही कि तेंदुए के खिलाफ बदले में हत्या का कोई मामला सामने नहीं आया। स्थानीय लोगों का दृष्टिकोण लगभग तटस्थ पाया गया, जो यह दर्शाता है कि सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताएं वन्यजीव संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**शिक्षा से बदल रहा नजरिया:**

अध्ययन में पाया गया कि शिक्षित वर्ग तेंदुए के प्रति अधिक सकारात्मक सोच रखता है, जबकि कम आय और कम शिक्षा वाले परिवारों में डर और नकारात्मकता अधिक है। इससे स्पष्ट है कि शिक्षा सहअस्तित्व की दिशा में सबसे अहम कड़ी बनकर उभर रही है।

**संघर्ष के कारण और समाधान**

विशेषज्ञों के अनुसार जंगल और गांवों की बढ़ती नजदीकी, असुरक्षित पशु बाड़े, भूमि उपयोग में बदलाव और अभयारण्य के आसपास बढ़ती मानव गतिविधियां इस संघर्ष के प्रमुख कारण हैं। समाधान के तौर पर मजबूत और जालीदार बाड़े, चराई पद्धति में बदलाव, सरल और उचित मुआवजा व्यवस्था तथा जागरूकता अभियान चलाने की सिफारिश की गई है।

**विशेषज्ञ की राय:**

राहुल भटनागर (एनटीसीए सदस्य एवं सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक) के अनुसार तेंदुए के संरक्षण के लिए केवल जंगल बचाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन लोगों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा भी जरूरी है जो इन वन्यजीवों के साथ अपना जीवन साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरावली की यह सहअस्तित्व की कहानी न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकती है, जहां संघर्ष के बीच भी संतुलन संभव है।

## देवनगरी में मनायी महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** डॉ.बाबूलाल बराला के सानिध्य में सर्व समाज की ओर से देव नगरी (भोजलावा) में महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती मनाई गई। शिक्षाविद जगदीश प्रसाद यादव मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने महात्मा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला एवं पाखंडवाद से दूर रहने व सभी को शिक्षित बनने की बात कही। मंच संचालन रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया ने किया। इस अवसर पर नानूराम सैनी (देव हॉस्पिटल), डॉ.जगदीश प्रसाद यादव (जिला अध्यक्ष यादव महा सभा), दिनेश कुमार बागोरिया अध्यक्ष खटीक समाज सेवा समिति चौमूं, अर्जुन मोहनपुरिया पूर्व सरपंच मनोहरपुर, प्रहलाद सहाय अधोप्या संरक्षक , मदन लाल मालेरिया महामंत्री माली समाज विकास समिति, संतोष कुमार रैगर,ओमप्रकाश शर्मा, श्रवण लाल अध्यक्ष मंदिर समिति भोजलावा, सुवालाल सिंगोदिया, अर्जुन लाल सिंगोदिया, लालचंद सामोता, राजेंद्र यादव, दुलीचंद कुमावत, मांगीलाल यादव, राजेंद्र यादव मानगढ़, पूरणमल करवा, किशन लाल जमालपुरिया (बैंक मैनेजर) सभी ने महात्मा ज्योतिबा फुले जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखे ।

## सांगानेर में अतिक्रमण पर नगर निगम की कार्रवाई, 4 कैंटर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने सोमवार को सांगानेर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार कैंटर सामान जब्त किया। यह कार्रवाई आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर पूर्व में मिली शिकायतों के आधार पर की गई। उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में टीम ने सांगानेर थाने से चोरडिया पेट्रोल पंप, रीको पुलिया से चोरडिया पेट्रोल पंप तथा मालपुरा गेट से टूटी पुलिया तक स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण हटवाए। कार्रवाई के दौरान मौके से जब्त किए गए सामान को नगर निगम के गोदाम में भिजवाया गया। अधिकारियों ने मौके पर लोगों को समझाइश करते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में अतिक्रमण करने पर भारी जुर्माना और सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सांगानेर में 250 करोड़ की एलिवेटेड रोड का आगाज, अतिक्रमण हटे–9 मिनट में तय होगा सफर



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित 250 करोड़ रुपये की एलिवेटेड रोड परियोजना ने अब गति पकड़ ली है। सोमवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए मालपुरा गेट से सवाई माधोपुर रेलवे पुलिया तक मार्ग में आने वाले अवैध अतिक्रमणों को हटाया। भारी पुलिस जाब्ता और बुलडोजर कार्रवाई के चलते पूरे इलाके में हलचल रही। यह प्रोजेक्ट एनएच-52 हाईवे का हिस्सा है, जिसमें सांगानेर फ्लाईओवर से कल्याणपुरा आरओबी तक 4-लेन सड़क तथा चौरड़िया पेट्रोल पंप से डिग्गी मालपुरा गेट तक 2-लेन सड़क विकसित की जाएगी। प्रशासन का दावा है कि निर्माण पूरा होने के बाद सांगानेर से मालपुरा गेट तक का सफर मात्र 9 मिनट में पूरा किया जा सकेगा, जिससे यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा। हालांकि, निर्माण कार्य के चलते फिलहाल आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैरिकेडिंग और सड़क संकरी होने से व्यस्त समय में जाम की स्थिति बन रही है और वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रोजेक्ट का स्वागत करते हुए प्रशासन से निर्माण अवधि में वैकल्पिक यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। प्रशासन ने नागरिकों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए आश्वासन दिया है कि कार्य को तय समय में पूरा कर जल्द राहत प्रदान की।

## सुमेरपुर में दिन-दहाड़े जलती रोड लाइट, सफाई व्यवस्था ध्वस्त, जिम्मेदार मौन

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर में अव्यवस्थाओं का आलम चरम पर पहुंच गया है। बिजली प्रबंधन से लेकर सफाई व्यवस्था तक पूरी तरह चरमराई नजर आ रही है। हैरानी की बात यह है कि जहां एक ओर आमजन बिजली कटौती से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगरपालिका की लापरवाही के चलते दिन के उजाले में भी रोड लाइटें जलती देखी जा रही हैं। ताजा मामला जाखामाजी रोड स्थित कोर्ट चौराहा का है, जहां दोपहर करीब 2 बजे भी सड़क लाइटें बेधड़क जलती रहीं। यह नजारा न केवल बिजली की खुली बर्बादी को दर्शाता है, बल्कि जिम्मेदारों की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। शहरवासियों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह से बदहाल हो चुकी है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, लेकिन नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।




## 18 साल से जर्जर भवन में चल रही सांगानेर तहसील, जमीन मिली पर बजट अटका–खतरे के साये में काम

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जयपुर की सांगानेर तहसील इन दिनों बदहाल व्यवस्था का जीता-जागता उदाहरण बनी हुई है। 18 साल पहले नए भवन के लिए जमीन आवंटित होने के बावजूद बजट के अभाव में निर्माण आज तक शुरू नहीं हो पाया है। नतीजतन अधिकारी और कर्मचारी जर्जर भवन में जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर हैं। तहसील कार्यालय की स्थिति इतनी खराब है कि छत से प्लास्टर गिरना आम बात हो गई है और दीवारों में दरारें साफ नजर आती हैं। बली-फंटों के सहारे टिके इस भवन में हर दिन किसी बड़े हादसे का खतरा बना रहता है। यहां काम करने वाले अधिकारी भी भय के माहौल में बैठकर कार्य कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल 2008 को जेडीए ने उपखंड, तहसील और अन्य सरकारी कार्यालयों के लिए भूमि आवंटित की थी। इसके बाद 2 जनवरी 2025 और 4 अप्रैल 2025 को तहसीलदार द्वारा नए भवन निर्माण के प्रस्ताव कलेक्टर को भेजे गए। 12 मई 2025 को पीडब्ल्यूडी ने करीब 374.17 लाख रुपए का बजट भी तैयार किया, लेकिन अब तक निर्माण को



मंजूरी नहीं मिल सकी। वर्तमान में तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित करीब 40 अधिकारी-कर्मचारी इसी जर्जर भवन में कार्यरत हैं। वहीं प्रतिदिन 1500 से अधिक लोग रजिस्ट्री, जाति-मूल प्रमाण पत्र, जनगणना और चुनाव से जुड़े कार्यों के लिए यहां पहुंचते हैं, जिससे जोखिम और भी बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने प्रशासन से जल्द नए भवन के निर्माण की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी से पहले सुरक्षित कार्यस्थल उपलब्ध कराया जा सके।

## लापता महिला को सकुशल दस्तयाब करने पर फुलेरा पुलिस टीम का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** थाना फुलेरा क्षेत्र से लापता हुई 24 वर्षीय महिला को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। महिला 2 अप्रैल 2026 को फुलेरा राजकीय चिकित्सालय आने के बाद लापता हो गई थी, जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट थाना फुलेरा में दर्ज कराई गई थी। थाना अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला की तलाश शुरू की और उसे सोमवार को सुरक्षित बरामद कर उसके पति व सास-ससुर के सुपुर्द कर दिया। महिला के सकुशल मिलने पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने थाना परिसर में पुलिस टीम का सम्मान किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष डॉ. पुखराज स्वामी, जिला उपाध्यक्ष हिरालाल तंवर, जिला



सह मंत्री नोरत कुमावत, प्रखण्ड अध्यक्ष शरद कालानी, वेद प्रकाश पारीक, पूर्व पार्षद राजेंद्र वर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजोरा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक अनुपम मिश्रा, थाना अधिकारी राजेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल आनन्द और कांस्टेबल विनोद कुमार को माला व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

## सांभरलेक व फुलेरा में प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित

### 27 अप्रैल तक दर्ज होंगे दावे-आपत्तियां, 8 मई को होगी अंतिम सूची जारी



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक/फुलेरा।** राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में नगरपालिका सांभरलेक व फुलेरा में 13 अप्रैल को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया। प्रकाशित सूची के अनुसार नगरपालिका सांभरलेक में कुल 17,493 मतदाता दर्ज किए गए हैं, जिनमें 8,976 पुरुष, 8,516 महिला तथा 1 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। वहीं नगरपालिका फुलेरा में कुल 18, 565 मतदाता हैं, जिनमें 9, 422 पुरुष तथा 9,143 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदाता सूची से संबंधित दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 13 अप्रैल से 27 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण करते हुए 8 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नगरपालिका सांभरलेक व फुलेरा की प्रारूप मतदाता सूची-2026 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटोरहित) संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्तर पर 13 अप्रैल को आयोजित बैठक में निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन की प्रक्रिया सतत जारी है। इसके लिए संबंधित प्रपत्र फॉर्म-03, फॉर्म-5 व फॉर्म-06 भरकर संबंधित प्राधिकरण से संपर्क किया जा सकता है।

## नगरीय निकाय चुनाव 2026: चौमूं, सांभर, फुलेरा सहित 7 नगरपालिकाओं की प्रारूप मतदाता सूची जारी

### 27 अप्रैल तक दावे-आपत्तियां

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 के तहत जिले की नगर परिषद चैमू एवं नगरपालिका सांभर, चाकसू, जोबनेर, फुलेरा, किशनगढ़ रेनवाल और बगरू की प्रारूप मतदाता सूचियां सोमवार को प्रकाशित कर दी गईं। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों की ओर से यह प्रकाशन राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूचियों पर 13 अप्रैल से 27 अप्रैल 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी। इसके लिए निर्धारित प्रारूप 3, 5 और 6 में आवेदन देना होगा। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल से संबंधित वार्डों और मतदान केंद्रों पर वार्ड सभाओं के माध्यम से मतदाता सूचियों का पठन किया जाएगा। वहीं विशेष अभियान के तहत 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को सभी मतदान केंद्रों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन दिनों अधिकारी सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित रहकर नए नाम जोड़ने, संशोधन और आपत्तियों के आवेदन प्राप्त करेंगे। प्राप्त दावों और आपत्तियों का विवरण प्रारूप 8, 9 और 10 में प्रतिदिन तैयार कर सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया जाएगा। सभी दावों और आपत्तियों का निस्तारण 3 मई 2026 तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 8 मई 2026 को किया जाएगा। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में अपने नाम की जांच कर आवश्यक संशोधन या नए नाम जुड़वाने की प्रक्रिया पूर्ण कर लें, ताकि मतदान के अधिकार से वंचित न रहें।

## रतनगढ़ की रोही में हाईटेंशन लाईन में स्पार्किंग से लगी आग

### ईशबगोल की फसल जलकर राख

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** रतनगढ़ की पूर्वी दिशा में मालपुर सड़क मार्ग पर दो खेतों से निकल रही हाईटेंशन लाईन में स्पार्किंग होने के कारण सोमवार को खेतों की बाड़बंदी में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना जैसे ही आसपास के किसानों को मिली, तो सभी लोग एकत्रित हो गए और अपनी-अपनी व्यवस्था से आग बुझाने में जुट गए। किसानों ने जोधपुर डिस्कॉम के अधिकारियों को सूचना देकर बिजली को कटवाया, तो वहीं नगरपालिका प्रशासन को दमकल के लिए सूचना दी। लेकिन उक्त स्थान पर पालिका की दमकल नहीं



पहुंच पाई, जिस पर जेसीबी व अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू में किया गया। जानकारी के अनुसार मालपुर रोड पर परमेश्वरी ढाका व मोहन सिहाग का खेत है। इनके खेतों के ऊपर से हाईटेंशन लाईन निकल रही है। सोमवार को लाइनों में स्पार्किंग होने से खेतों की बाड़बंदी में आग लग गई। तेज हवा चलने के कारण आग तेजी से आगे तक फैल गई, जिसके कारण ढाका के खेत में खड़ी ईशबगोल की फसल को नुकसान पहुंचा है।

## आचार्य श्री महाप्रज्ञ की सहत्रवी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** थान सुथान भवन स्थित समाधि केंद्र में युगप्रधान महातपस्वी आचार्य श्री महाश्रमण की सुशिष्या व समाधि केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी श्री मंजुयशा के पावन सान्निध्य में तेरापंथ धर्म संघ के प्रज्ञा पुरुष आचार्य श्री महाप्रज्ञ की सहत्रवी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र के मंगल उच्चारण से हुई। इसके पश्चात साध्वी मंडल की ओर से सामूहिक रूप से पार्श्वनाथ स्तुति प्रस्तुत की गई। तेरापंथ सभा के मंत्री हनुमानमल सेनिया ने अपने भाव व्यक्त करते हुए आचार्य महाप्रज्ञ के व्यक्तित्व व कृतित्व को प्रेरणादायी बताया।साध्वी मंजुयशा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य महाप्रज्ञ तेरापंथ धर्मसंघ की आचार्य परंपरा के दशवें आचार्य थे, जिनका जीवन असाधारण विशेषताओं से परिपूर्ण रहा। उनका जन्म राजस्थान के झंझुनु के गाँव टमकोर में हुआ और अल्पायु में ही उन्होंने आचार्य कालूगणी से दीक्षा ग्रहण की। वे आचार्य तुलसी के सान्निध्य में शिक्षित हुए और



गुरु के प्रति उनका समर्पण अद्वितीय रहा। उन्होंने हिंदी, संस्कृत व प्राकृत सहित अनेक विषयों का गहन अध्ययन कर एक महान दार्शनिक के रूप में पहचान बनाई। प्रेक्षा ध्यान के माध्यम से उन्होंने समाज को तनावमुक्त जीवन का मार्ग दिखाया। साहित्य, साधना और अनुशासन के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है। इस अवसर पर साध्वी रमावति, जयन्तयशा, इंदुप्रभा, वीर्थप्रज्ञा व मानसप्रभा ने गीत, मुक्तक, कविता और भाषण के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष मंजु बोथरा, सभा के कोषाध्यक्ष विमल लिंगा, अनुव्रत समिति के उपाध्यक्ष धनराज सेखानी, सरोज देवी वेद सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भी अपने भाव व्यक्त किए।

## तेज रफ्तार ट्रोला ने स्कूटी को मारी टक्कर, होटल मालिक व महिला कर्मचारी की मौत

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 के पलसाना बाइपास पर एक तेज रफ्तार ट्रोले की टक्कर लगने से स्कूटी सवार एक महिला और व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रोला चालक ट्रोले को मौके से लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए है। पुलिस ट्रोला चालक की पहचान का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार बाईपास के भदाला की ढाणी तिराहे पर रविवार को मंढ़ा मोड़ से पलसाना की ओर आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रोले ने सीकर से खाटूश्यामजी जा रही स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार झुंझुनूं के डूंडलोद निवासी महेंद्र सिंह (50) व उनके होटल पर काम करने वाली महिला बंगाल निवासी रितिका (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में दोनों को उपचार के लिए एंबुलेंस और वहां से गुजर रही एक कैम्पर गाड़ी से पलसाना के ट्रोमा सेंटर में भर्ती करवाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### मौके से ट्रोले को लेकर मौके से भागा चालक:

हादसे के बाद मौके पर काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई। इससे पहले ट्रोला चालक ट्रोले को लेकर मौके से भाग गया। सूचना के बाद रानोली पुलिस भी मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालकर ट्रोला चालक की पहचान का प्रयास कर रही है। हादसे की सूचना पर डिप्टी कैलाश कंवर राठौड़ व रानोली थानाधिकारी रामलाल जाटोलिया भी अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बाद में परिजनों के आने पर पुलिस ने देर शाम पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

### होटल का एग्रीमेंट करने जा रहे थे:

जानकारी के अनुसार महेंद्र सिंह डूंडलोद में होटल संचालित करते थे। अब खाटूश्यामजी में भी होटल खोलने का विचार था। इसके लिए उन्होंने किराए पर एक होटल देख रखी थी। उसी का एग्रीमेंट करने के लिए होटल की महिला कार्मिक के साथ स्कूटी पर सवार होकर खाटूश्यामजी जा रहे थे। खाटूश्यामजी में महेंद्र सिंह का भांजा भी उनका इंतजार कर रहा था। हादसे से कुछ मिनट पहले ही जब भांजे से बात हुई तो उन्होंने 15 मिनट में खाटू पहुंचने की बात कही थी, लेकिन खाटू पहुंचने इससे पहले ही हादसा हो गया।

## सेन जंयतीः समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में 726 वीं सेन जयंती के अवसर पर सेन समाज की ओर से सेन मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। इस मौके पर सोमवार को झंडारोहण के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। सेन जयंती के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज की अनेक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। वहीं सोमवार रात्रि को सेन मंदिर में विशाल जागरण का भी आयोजन किया गया है। मंगलवार को सेन जयंती के उपलक्ष में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं मंगलवार को शाम को प्रसाद व भोजन की व्यवस्था भी की गई है। सेन समाज के अध्यक्ष धनराज भाटी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेन जयंती को लेकर समाज में काफी उत्साह नजर आ रहा है। सेन जयंती के उपलक्ष में दो दिवसीय आयोजन को लेकर अलग-अलग टीमों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंप गई है। वहीं शोभायात्रा को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज की विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया है। मंगलवार को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में सर्व समाज व समाज के महिला एवं पुरुष शामिल होंगे। वहीं जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा।

## खेल स्टेडियम बनवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** खेल विभाग के शासन सचिव के नाम ज्ञापन देकर सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने सुजानगढ़ में खेल स्टेडियम बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया है कि क्षेत्र में खेल स्टेडियम नहीं होने के कारण खेल प्रतिभाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए सुजानगढ़ में खेल स्टेडियम बनवाया जाए। ज्ञापन उपखंड कार्यालय पर दिया गया।

## समरसता दिवस के रूप में मनाया अम्बेडकर दिवस




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव रामसीसर चैनानियां की महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रमों के साथ समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकला, निबंध और कविता आदि विविध प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वालों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर कक्षा 8 की बालिका अनुष्का कंवर ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर भामाशाह भंवरलाल स्वामी वैद्य ने विद्यालय को आटा चक्की भेंट की और बाबा साहेब के आवक्ष के समक्ष पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब के विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्था प्रधान जितेंद्र शर्मा ने विविध प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों को बाबा साहेब की प्रतिमा भेंट कर पुरस्कृत किया गया। शर्मा ने भामाशाह भंवरलाल वैद्य का अभिनंदन किया और बाबा साहेब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कीर्ति पारीक, दयानंद सारण, पूनमचंद कड़ेला, रविप्रकाश नायक, अनीप पूनियां, सांवरमल प्रजापत आदि ने भींमराव अम्बेडकर व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से बताया कार्यक्रम का संचालन नवज्योत सिंह ने किया।

## घनश्याम लाहोटी की स्मृति में विद्यालय को 10 कुर्सीयां भेंट

### विद्यालय परिवार ने किया भामाशाहों का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव मीतासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्री चंद लखोटिया परिवार के राजकुमारी ललित लखोटिया ने विद्यालय को 10 कुर्सियां भेंट की। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से ललित लखोटिया राजकुमारी लखोटिया का सम्मान किया गया। संस्था प्रधान रामकृष्ण मीणा ने कहा कि दान देने से धन घटना नहीं है बल्कि उसमें बढ़ोतरी होती है। समाज कल्याण में किया गया आर्थिक योगदान ही धन की उपयोगिता दर्शाता है। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक बाबूलाल स्वामी ने प्रेरक की भूमिका निभाते हुए कहा कि श्रीचंद लखोटिया परिवार की ओर से समय-समय पर स्काउट गाइड स्थानीय संघ को आर्थिक सहयोग प्रदान करता रहा है। इस अवसर पर भामशाह दीपक ललित लखोटिया व ओमप्रकाश स्वामी ने विद्यार्थियों के बैठने के लिए कारपेट व कक्षा 12 में उच्चतम अंक लाने बालक बालिका को इक्कीस सौ रुपए नगद देने की घोषणा की। शाला परिवार की ओर से लखोटिया परिवार का अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उपाधानाचार्य विजय कुमार गोदारा, अजीत सिंह चारण, शिक्षक अरुण शर्मा, शंकर लाल शर्मा, श्यामलाल अग्रवाल, पवन कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र, वर्तिका सोनी आदि ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।



## नीले झंडों में रंगा तारानगर, अंबेडकर जयंती पर निकली भव्य रैली



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर तारानगर कस्बे में बहुजन टाइगर फोर्स के तत्वावधान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अंबेडकर सर्किल पर नीले झंडों की छटा देखने को मिली और पूरे कस्बे में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कोर्ट परिसर से अंबेडकर सर्किल तक डीजे के साथ निकाली गई रैली से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। रैली के बाद आयोजित सभा में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. ऋतु सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने महिलाओं को समान अधिकार दिलाकर समाज में नई क्रांति की शुरुआत की। उन्होंने महिलाओं को अधिक से अधिक शिक्षित बनने, अपने अधिकारों को पहचानने और समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। डॉ. ऋतु सिंह ने कहा कि बहुजन समाज को अपनी ताकत पहचानकर संगठित होना होगा और अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा। वहीं विशिष्ट अतिथि नेशनल जन मंडल पार्टी के जिला अध्यक्ष दौलत राम पेशियां ने बहुजनों में एकता और जागरूकता पर जोर देते हुए वोट की ताकत को समझने की अपील की। सरपंच प्रतिनिधि सोनिया नरसिंह मिठड़ी ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। एडवोकेट चंद्रभान नायक और श्रीचंद छापरवाल ने भी समाज में शिक्षा और जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर प्रताप मेघवाल ने की, जबकि संचालन भगवाना राम घोटड़ ने किया। अंत में बहुजन टाइगर फोर्स के अध्यक्ष नरसिंह मिठड़ी ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद बाबूलाल पटीर, भींवाराज घोटड़, प्रभु राम पटीर, महेंद्र पटीर, नंदलाल सबलानिया, विकास पटीर, जेठाराम पटीर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हेड कांस्टेबल पर प्रताड़ना के आरोप, केंद्र के हस्तक्षेप से जांच के निर्देश

**बीदासर(निस)।** कस्बे के वार्ड नंबर 4 निवासी जितेंद्र सिंह राठौड़ की ओर से स्थानीय पुलिस पर लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। पीड़ित की शिकायत पर केंद्र सरकार के विधि व न्याय मंत्रालय ने संज्ञान लेते हुए राजस्थान के मुख्य सचिव को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। राठौड़ के अनुसार जनवरी माह में उन्हें एक मामले में समझौते के लिए बीदासर थाने बुलाया गया था। इस दौरान थाने में तैनात हेड कांस्टेबल पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया। पीड़ित का कहना है कि रिश्वत देने से इनकार करने पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, डराया-धमकाया गया और बिना ठोस कारण शांतिभंग के आरोप में जेल भेज दिया गया। घटना के बाद पीड़ित ने न्याय की मांग करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, केंद्र सरकार के विधि व न्याय मंत्रालय, मुख्यमंत्री राजस्थान, राजस्थान मानवाधिकार आयोग और पुलिस महानिदेशक जयपुर को शिकायत भेजी। मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्र स्तर से जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि पीड़ित के बयान लेकर प्रकरण को उच्चाधिकारियों को जांच के लिए भेज दिया गया है। अब इस पूरे मामले में प्रशासनिक स्तर पर जांच और आगे की कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

## चेक बाउंस मामले में दोषी को 6 माह कारावास, साढ़े चार लाख रुपए जुर्माना

**बीदासर(निस)।** न्यायिक मजिस्ट्रेट सरिता कायथ ने चेक अनादरण के एक मामले में आरोपी विमल कुमार पुत्र भंवरलाल निवासी बीदासर को दोषी करार देते हुए 6 माह के कारावास और साढ़े चार लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रकरण में परिवादी कन्हैयालाल पुत्र जगदीश प्रसाद ने आरोपी को 3 लाख 70 हजार रुपए उधार दिए थे। राशि के भुगतान के लिए आरोपी ने एक चेक सौंपा, जिसे परिवादी ने बैंक में प्रस्तुत किया, लेकिन खाते में अपर्याप्त राशि होने के कारण चेक अनादरित हो गया। बैंक की ओर से रिटर्न मेमो जारी कर चेक वापस लौटा दिया गया। इसके बाद परिवादी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी को कानूनी नोटिस भेजा, लेकिन निर्धारित 15 दिन की अवधि में भुगतान नहीं होने पर न्यायालय में परिवाद दायर किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान परिवादी ने मूल चेक, रिटर्न मेमो सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए और अपने बयान दर्ज कराए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए 6 माह के कारावास और साढ़े चार लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर, चूरू (राज.)**

क्रमांकः-आसावि/निविदा/ जनगणना / 2026/25/ दिनांकः-07-04-2026

**ई - बोली आमन्त्रण सूचना - 02/2026-27**

कार्यालय प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर, चूरू हेतु अल्पहार एवं भोजन यथा जलपान (राशि रू.50,00,000/-) आपूर्ति करने वाले विनिर्माता / पंजिकृत इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 07.04. 2026 सांय 06 बजे से दिनांक 19.04.2026 समय सायं 04.00 बजे तक ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती है बोली से संबंधित विस्तृत विवरण सूचना एवं बोली दस्तावेज वैब साईट eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in पर देखी अपलॉड की जा सकती हैं।

NIB- ESD2627A0010
UBN - ESD 2627GLOB00010

DIPR/C/6805/2026

जिला जनगणना अधिकारी
एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, चूरू

राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर, चूरू (राज.)**

कमांकः- आसावि/निविदा / जनगणना / 2026 / 245 दिनांकः-07-04-2026

**ई - बोली आमन्त्रण सूचना - 01/2026-27**

कार्यालय प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर, चूरू हेतु आई.टी उपकरण कम्यूटर, प्रिन्टर, यूपीएस व लैपटॉप (राशि रू.25,00,000/-) आपूर्ति करने वाले विनिर्माता / पंजिकृत इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 07.04.2026 सांय 06 बजे से दिनांक 19.04.2026 समय सायं 04.00 बजे तक ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती है। बोली से संबंधित विस्तृत विवरण सूचना एवं बोली दस्तावेज वैब साईट eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in पर देखी, अपलॉड की जा सकती हैं।

NIB- ESD2627A0009
UBN - ESD 2627GLOB00008

DIPR/C/6804/2026

जिला जनगणना अधिकारी
एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, चूरू

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड -सादुलपुर (राजस्थान) 331023**

eephedsadulpur@gmail.com
ee.phed.sdlp.chu@rajasthan.gov.in

क्रमांक-7-17 दिनांक 09.04.2026

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the HonÓble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre- qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www. dipr. rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in, and http// eproc. rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 16-04-2026 (14:00 hrs)

| NIT NO | UBN No. |
|---|---|
| 1/2026-2027 | PHE2627GSOB00197 |

SAVE WATER - SAVE LIFE

DIPR/C/6797/2026

**Executive Engineer,**
**PHED Division Sadulpur**

**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, अधीक्षक, राजकीय डी.बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone: 01562-250333

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/73 दिनांकः- 9.4.26

**-: ई - निविदा / निविदा आमंत्रण सूचना :-**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय/वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पेस्ट कंट्रोल कार्य | 2.00 लाख | 21-04-2026 | MHS2627SSRC00131 |
| 2 | एमएनजेवाई लैब रिजेण्टस क्रय | 09.00 लाख | 18-04-2026 | MHS2627GSRC00120 |

DIPR/C/6786/2026

सदस्य सचिव (RMS) एवं अधीक्षक
राजकीय डी.बी.सम्बद्धे चिकित्सालय वर्ग, चूरू

## 48 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती सैनी धर्मशाला में मनाई गई जिसमें कक्षा 10 वीं 12 वीं कॉलेज स्तर के कुल 48 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। सरकारी नौकरी लगने वाले पांच का सामान किया गया। आई ई एस अभय सैनी, आर ए एस अभिनव सैनी का भी सम्मान किया। भामाशाह मदनलाल सांखला ने संपूर्ण खर्च वहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित मारोठिया ने की। मुख्य अतिथि मांगीलाल पंवार, विशिष्ट अतिथि सरदारशहर के एसडीएम रामकुमार वर्मा, सूरजमल वकील, बाबुलाल कारोड़िया, चंपालाल तंवर, ताराचंद तंवर, मदनलाल सांखला, अभय सैनी, डॉक्टर अरविंद मारोठिया, मदनलाल सिंगोदिया, जयचंद टाक, महेश तंवर, सोनिया सैनी, बाबूलाल सैनी, विक्रम सिंह चौबदार, रामलाल टाक, समाजसेवी श्याम स्वर्णकार बबलू बजरंगी, किशन सेन का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर अजय सैनिक, मिथिलेश तंवर, सुशील तंवर, प्रेम किशोर चौहान, नवरत्न वकील, संजय सांखला, गंगाराम टाक, दिनेश तंवर, शंकर इंदौरिया, मुकेश सांखला, नरेंद्र यादव, पवन तंवर, पुखराज कच्छावा, सोहनलाल टाक, ईश्वर चंदोलिया, प्रहलाद मारोठिया, जगदीश टाक, बाबूलाल यादव, बालकिशन, बंटी सैनी, रमेश तंवर, बजरंग सांखला, मूलचंद सांखला, भगवती तंवर, अशोक तंवर, रोहित माली, केशव तंवर, श्याम स्वर्णकार, देवकरण, अनुमिका सांखला, मदनलाल तंवर, बालचंद तंवर, बसंत कुमार, संरक्षक डॉक्टर कन्हैयालाल मारोठिया आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष महेश तंवर के निर्देशन में कार्यक्रम का समापन किया गया। संचालन हंसराज तंवर और लक्ष्मी टाक ने किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत छाजा की नांगल पं.स. पाटन (सीकर)**

क्रमांक : 47 दिनांक : 13.04.2026

**ई-निविदा/खुली बोली सूचना - 03/2026-27**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2026-27 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 24.04.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्तें वेबसाईट https//eproc.rajasthan.gov.in & https//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

BN No. PKP2627WSRC00015

प्रशासक
ग्रा.पं. छाजा की नांगल

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. छाजा की नांगल

**कार्यालय ग्राम पंचायत मोठूका पं.स. पाटन (सीकर)**

क्रमांक: 16 दिनांक 13.04.2026

**ई-निविदा / खुली बोली सूचना - 01/2026-27**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2026-27 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग ( अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 24.04.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https//eproc.rajasthan.gov.in & https//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2627WSRC00014

प्रशासक
ग्रा.पं. मोटूका

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. मोठूका

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड -सुजानगढ़**

E-Mail- eesuj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांकः अअ / जनस्वा/निविदा/2026-27/02-20 दिनांकः 7/04/2026

**निविदा सूचना संख्या 01 / 2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में नियमानुसार प्रभावी आदेशों (समय-समय पर संशोधित) के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाओं के विक्रय की अंतिम तिथि एवं प्राप्ति / खोलने की तिथि कार्य के सामने अंकित की गई है। निविदा विक्रय / प्राप्ति / खोलने के दिन अवकाश होने पर निविदाओं का विक्रय / प्राप्ति / खोलने की कार्यवाही अगले कार्य दिवस में होगी। फर्म अथवा ठेकेदार को निविदा क्रय करते समय निविदा शुल्क के साथ पंजीयन प्रमाण-पत्र, जीएसटी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। फैक्स/तार द्वारा भेजी गई निविदा मान्य नहीं होगी। निविदादाता विभागीय बेबसाईट www.sppp.raj.nic.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करके भी विजया सकते है, ऐसी स्थिति में धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का शुल्क ई-ग्राम के माध्यम से ही जमा करवाना होगा। निविदा से संबंधित अन्य शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखी जा सकती है। निविदाएं विक्रय तिथि की अंतिम तिथि की सांय 6.00 बजे तक है। प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि को दोपहर 3.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के सम्मुख खोली जावेगी। कार्य को आवश्यकतानुसार घटाने-बढाने अथवा बिना कोई कारण बताए निविदा को निरस्त करने के लिए निम्न हस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा तथा देरी से प्राप्त होने वाली निविदा के लिए विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। कोई विवाद उत्पन्न होने पर वाद चूरु न्यायालय में दायर किया जायेगा, भारत में स्थित अन्य किसी करवा या शहर में नहीं।

| NIB No. | UBN No. |
|---|---|
| 01/2026-27 | PHE2627WSOB00111 |

DIPR/C/6863/2026

(कैलाश चन्द माली)
अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड-सुजानगढ

**कार्यालय ग्राम पंचायत घासीपुरा पं.स. पाटन (सीकर)**

क्रमांक : 03 दिनांक : 13.04.2026

**ई-निविदा / खुली बोली सूचना - 02 /2026-27**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2026-27 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग ( अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 23.04.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https//eproc.rajasthan.gov.in & https//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2627WSRC00013

प्रशासक
ग्रा.पं. घासीपुरा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. घासीपुरा

# कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ की बैठक में नई नियुक्तियां, संगठन को मजबूत बनाने पर जोर



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित कर संगठन को अधिक मजबूत और गतिशील बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। बैठक में नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन विस्तार और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। बैठक में अमीन पठान को प्रदेश अध्यक्ष (खेल प्रकोष्ठ) नियुक्त किया गया, जबकि राजस्थान कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पद पर रोहित बोहरा को जिम्मेदारी सौंपी गई। भरतपुर संभाग प्रभारी के रूप में मोहन प्रकाश त्यागी को नियुक्त किया गया। इसी क्रम में गुड्डू लोधा को जिला अध्यक्ष (खेल प्रकोष्ठ) बनाया गया। संगठन को और मजबूती देने के लिए कम्मोद सिंह और देवेंद्र सिंह को महासचिव तथा मुकेश कुमार को जिला सचिव (खेल प्रकोष्ठ) पद पर नियुक्त किया गया। बैठक में सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की गई तथा संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# सायला में फर्जी रजिस्ट्री मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग, जुटी भीड़

## पांच मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले के सायला उपखंड के आसाणा में पिछले दिनों एक फर्जी रजिस्ट्री का मामला सुर्खियों में है, इसको लेकर जिनके नाम यह रजिस्ट्री हुई उस परिवार ने सोमवार को सायला तहसील कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में लोगों के साथ धरना प्रदर्शन करते हुए अपने साथ हुई धोखाधड़ी के आरोपियों को गिरफ्तार करने व उनकी ओर से जमीन खरीद में दिए गए रुपए वापस दिलाने की मांग करते हुए उपखंड अधिकारी के सामने पांच शर्ते रखी और धरना अनवरत




जारी रखने की बात कही। धरना स्थल पर आए उपखंड अधिकारी सूरजभान विश्नोई व सायला थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमें एसआईटी गठित करने, जमीन खरीद के रुपए वापस दिलाने समेत पांच मांगे रखी। इधर धरना स्थल पर पूर्व सांसद देवजी पटेल भी पहुँचे। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि एक परिवार जिन्होंने जमीन खरीदने के लिए इतनी बड़ी रकम दी, पुलिस प्रशासन पहले उनकी रकम की रिकवरी कर परिवार को वो पैसा लौटाए। देवजी ने कहा कि इस मामले में अभी जिला कलेक्टर से बात हुई है उन्होंने एसआईटी गठित कर दी है जिसका लेटर मुझे भेजा है। हम चाहते हैं कि इसमें कोई अगर सरकारी व्यक्ति शामिल हैं तो उसकी भी जांच कर उसके विरुद्ध कार्यवहीं हो। धरने को कई वक्ताओं ने संबोधित किया और कहा कि सायला क्षेत्र में कई भूमाफिया है जो इस तरह लोगो को जालसाजी के तहत फंसाकर धोखाधड़ी करने का बड़े स्तर पर काम चल रहा है ऐसे लोगों पर कार्यवाही होनी चाहिए। पीड़ित परिवार के सदस्य ने धरने में कहा कि हम लोगो को इन्होंने धोखे में रखा, हमको जमीन पसंद आई और हमने यह पैसा भरने के लिए छह महीने का समय मांगा लेकिन कुछ समय बाद उन्होंने हमें शेष रकम भी देने का दबाव बनाया तो हम लोगों ने आनन फानन में आकर रजिस्ट्री करवा ली। यह हमारे साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ अब ऐसे लोगों का पर्दाफाश करना जरूरी हो गया है ताकि किसी और के साथ धोखा नहीं हो। बता दें कि सायला में एक फर्जी रजिस्ट्री कराने का मामला सामने आया जिसके बाद पीड़ित परिवार ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की। वही धरने में कई और जमीन धोखाधड़ी के पीड़ित भी आए जिन्होंने अपने साथ जमीन बेचान में धोखा होने की बात कही। टीकमसिंह राणावत ने कहा कि जिस परिवार के साथ यह धोखा हुआ है उनको जब तक न्याय नहीं मिलता हम न्याय की इस लड़ाई में अंत तक साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो पीड़ित परिवार है उनकी इतनी बड़ी रकम गई और ऊपर से केस भी दर्ज इनके ही खिलाफ हुआ इससे बड़ी विडम्बना क्या हो सकती है। इस दौरान दिलीपसिंह मांडाणी, सर्जनसिंह, आहोर प्रधान संतोष कंवर, रूपराज, कल्याणसिंह बिशनगढ़ समेत धरने में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# सरकारी दिशा-निर्देशों की अवहेलना करने वाले निजी विद्यालयों पर होगी कार्यवाही

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के कई निजी शिक्षण संस्थान राज्य सरकार व शिक्षा विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की निरंतर अवहेलना कर रहे है। जिला कलक्टर व जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बी टी ने बताया कि निजी शिक्षण संस्थान विशेष रूप से पुस्तकों, यूनिफॉर्म, जूते, टाई एवं अन्य शिक्षण सामग्री के क्रय के लिए अभिभावकों पर किसी विशिष्ट दुकान या स्वयं विद्यालय से खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। जो कि नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि छात्र हित व पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए समस्त जिला, ब्लॉक स्तरीय व ग्राम पंचायत, शहरी संकुल केन्द्र के प्रभारी अधिकारी अपने अधिक क्षेत्र के निजी विद्यालयों का 13 से 15 अप्रैल को अनिवार्य रूप से गहन निरीक्षण करेगें। निरीक्षण में दुकान निर्धारण, पुस्तकों का चयन, यूनिफॉर्म परिवर्तन व शिकायत पेटिका आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सम्बन्धित निजी विद्यालय के विरूद्ध जुर्माना लगाने, एनओसी रद्द करने अथवा मान्यता समाप्त करने की अनुशंसा तत्काल उच्च स्तर पर भेजी जाएगी।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रमः कार्यशाला का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार व जिला कलक्टर के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला साक्षरता कार्यालय मे किया गया। कार्यशाला में जिला साक्षरता व सतत शिक्षा अधिकारी बीरी सिंह ने कार्यक्रम के विभिन्न घटकों के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कार्यक्रम का संचालन 1 अप्रैल 2022 से सम्पूर्ण प्रदेश में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न सरकारी विभागों के सहयोग व समन्वय, जन समुदाय की सहभागिता एवं प्रौद्योगिकी का समुचित उपयोग करते हुए है वर्ष 2030 तक 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के सभी युवाओं एवं वयस्क स्त्री-पुरुषों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक पढ़ना-लिखना एवं संख्या ज्ञान क्रिटिकल जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा व्यावसायिक कौशल विकास एवं सतत शिक्षा प्रदान करना है। यह कार्यक्रम ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 मे जिले को कुल 12100 असाक्षर को उल्लास एप मे पंजीकृत करने का लक्ष्य दिया गया है लक्ष्य को ब्लॉक मे विभाजित कर, सर्वे कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। यह कार्य सर्वेअर के माध्यम से 30 जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। कार्यशाला मे समस्त ब्लॉकों से आए साक्षरता ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती पर बाड़ी में सफाई अभियान, प्रतिमा स्थल स्वच्छ कर दिया सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बाड़ी क्षेत्र में प्रेरणादायक सफाई अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत प्रतिभागियों ने बाबा साहब की प्रतिमा को जल से स्वच्छ किया तथा पूरे परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में जिम्मेदारी और एकता का संदेश देना रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने भाग लेकर अभियान को सफल बनाया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में स्वच्छता और सामाजिक एकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाड़ी मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने की, जबकि सह-संयोजक के रूप में चतुर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान में दिनेश मामा (पूर्व मंडल अध्यक्ष), जिला मंत्री उषा जाटव, ओमकार कटरा, सतपाल गुर्जर, संदीप परमार, धनंजय शर्मा, रामकुमार कुशवाहा, नितिन शर्मा, चतुर सिंह जाटव, शिप्रा गर्ग, अनीता सिंगल, सतीश प्रजापति, बी.एल. प्रजापति सहित बाड़ी के समस्त कार्यकर्ता और जिला टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# ऋषभदेव पखवाड़ा व अंबेडकर जयंती पर प्रेरक आयोजन, विद्यार्थियों ने दिए सत्य-अहिंसा व समता के संदेश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिकरौदा में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विविध शैक्षिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ सत्य और अहिंसा पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान ऋषभदेव व डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन व ऋषभ स्तुति के साथ हुई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बौद्धिक व अभिव्यक्ति कौशल को निखारने के लिए निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने भगवान ऋषभदेव के जीवन, उनके तप, त्याग, अहिंसा, अपरिग्रह तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान ही डॉ. अंबेडकर जयंती भी श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने उनके संघर्षमय जीवन, शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक समानता व न्याय के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार जैन ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान ऋषभदेव का जीवन संयम और आत्मअनुशासन की प्रेरणा देता है, जबकि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और



समानता के लिए सतत प्रयास का संदेश देता है। वरिष्ठ अध्यापक सत्य प्रकाश ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और सभी को महान विभूतियों के आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर महेश चन्द्र शर्मा, नरेंद्र सोनी, स्वीटी गुप्ता, माधव नारायण सहित शिक्षक व नागरिक उपस्थित रहे।

# नाश्ते में कीड़ा मिलने पर हंगामा, धौलपुर के मिष्ठान भंडार की स्वच्छता पर उठे सवाल




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर में खाद्य स्वच्छता को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गुलाब बाग क्षेत्र स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार में नाश्ते में कीड़ा मिलने की घटना सामने आने के बाद ग्राहक ने जमकर विरोध जताया। जानकारी के अनुसार एक ग्राहक देर शाम दुकान पर नाश्ता करने पहुंचा था और उसने समोसे ऑर्डर किए। जब उसे नाश्ता परोसा गया और वह खाने बैठा, तभी उसकी नजर प्लेट में पड़े खाद्य पदार्थ पर गई, जिसमें कीड़ा दिखाई दिया। यह देखते ही ग्राहक आक्रोशित हो गया और उसने तुरंत दुकान कर्मचारियों से शिकायत की। शिकायत के बाद दुकान में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कर्मचारियों ने स्थिति संभालने की कोशिश की, लेकिन ग्राहक का गुस्सा शांत नहीं हुआ। ग्राहक का आरोप है कि इससे पहले भी दुकान की स्वच्छता और खाने की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों ने भी दुकान की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि बाहर से आकर्षक दिखने वाली इस दुकान के अंदर स्वच्छता का अभाव है और कर्मचारी नियमों का पालन नहीं करते।

यह घटना खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर करती है, जो सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती है। साथ ही प्रशासनिक निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं कि ऐसे प्रतिष्ठानों की नियमित जांच क्यों नहीं हो रही है।

# धौलपुर में गो सम्मान आह्वान अभियान की बैठक, 27 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान का आह्वान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** श्री गंगाबाई की बगीची में 12 अप्रैल को गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संतों व गो सेवकों ने देशभर में गौ संरक्षण, सेवा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर जनजागरण तेज करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्वी राजस्थान के गो प्रचारक पूज्य संत श्री वैष्णव दास जी महाराज (वृंदावन), महंत श्री 108 श्री हनुमान दास जी महाराज, जिला गो प्रचारक राम शर्मा, तहसील गो प्रचारक चंद्र प्रताप धाकरे, नरेश कुमार, अर्पित पाराशर (मंडरायल) सहित वक्ताओं ने कहा कि देशी नस्ल की गौ माता भारतीय संस्कृति की आधारशिला है, लेकिन वर्तमान में गौवंश की उपेक्षा चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है। सड़कों और राजमार्गों पर निराश्रित गौवंश दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं तथा कई स्थानों पर गौवध की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। वक्ताओं ने केंद्र सरकार से गौ संरक्षण के लिए सख्त व एकरूप कानून बनाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो भविष्य में गौवंश का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। बैठक में बताया गया कि संतों व गो सेवकों की ओर से देशभर में



अहिंसक और शांतिपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य संविधान के दायरे में रहकर गौ सेवा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में 27 अप्रैल को देश की प्रत्येक तहसील स्तर पर गौ माता के सानिध्य में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। बैठक में सुरेन्द्र तिवारी, महेश मिश्रा, अखलेश श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, सुभाष पचौरी, हरिबाबू शर्मा, बृजकिशोर गुप्ता, विमल गिरी, अमन माहौर, पंकज बघेल, रोशन, राज माहौर, अमन प्रजापति, तरुण सोनी, आकर्ष गुप्ता, अरुण त्रिपाठी, संतोष शर्मा, सौरव, सुमित निषाद, दैनिक, यश सोनी, बादल कुशवाह, विवेक शर्मा, सचिन चौहान, डॉ. प्रकाश दीप तिवारी, हर्ष शर्मा, रामख्त्यार सिंह, रौनक गुप्ता सहित अनेक गौ भक्त उपस्थित रहे

# रैंकिंग में अव्वल, जमीन पर हाल बेहालः राजाखेड़ा में सड़कों पर गंदगी, जनता में आक्रोश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने वाली राजाखेड़ा नगर पालिका के दावे जमीनी हकीकत से मेल नहीं खा रहे हैं। कस्बे के वार्ड नंबर 2, 3 और 4 (अम्बरपुर) में सड़कों पर गंदगी के ढेर और जाम नालियों के कारण हालात बदतर बने हुए हैं, जिससे स्थानीय लोगों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि 114 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति के बावजूद इन वार्डों में मात्र 2-3 कर्मचारी ही कार्यरत हैं, जिसके चलते नियमित सफाई नहीं हो पा रही।



नालियां सिल्ट से चोक होकर ओवरफ्लो हो रही हैं और गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि एक सप्ताह पहले निरीक्षण के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। जबकि कागजों में नगर पालिका को संभाग में दूसरा स्थान और प्रदेश में बेहतर रैंकिंग मिली है, धरातल पर हालात इसके विपरीत नजर आ रहे हैं। अब क्षेत्र की जनता नगर पालिका व प्रशासन से जवाब मांग रही है और जल्द सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दे रही है।

# आरी गांव में 'मौत का कुआं' बना जल निकासी गड्ढा



## 15 दिन से परेशानी, हादसों से दहशत, आंदोलन की चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड सैपऊ की नुनहेरा पंचायत के ग्राम आरी में जल निकासी के नाम पर खोदा गया गहरा गड्ढा अब ग्रामीणों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। जाटव बस्ती के मुख्य रास्ते पर बना यह गड्ढा पिछले 15 दिनों से 'मौत का कुआं' बना हुआ है, जिससे क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास और सरना जाटव व मोहर सिंह जाटव के मकान से सटा यह गड्ढा रोजाना दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। बस्ती का आवागमन पूरी तरह बाधित हो चुका है, जिससे स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मवेशियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। स्थिति की गंभीरता इस बात से भी समझी जा सकती है कि इसी महीने मोहल्ले में दो शादियां प्रस्तावित हैं, लेकिन रास्ता अवरुद्ध होने के कारण मेहमानों के आने-जाने में भी दिक्कतें खड़ी हो गई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार सरपंच और प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन की इस उदासीनता से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मामले की सूचना मिलने पर श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत के जिला अध्यक्ष सुखवेन्द्र सिंह परमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि संगठन हर वर्ग के साथ खड़ा है और दलित समाज के साथ हो रहा अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान सरना जाटव, हरविलास जाटव, मोहरू जाटव, राम मोहन जाटव, अंकित जाटव, रोहित जाटव, मोहन जाटव, राजा जाटव, सुनील जाटव, राम अवतार सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# म्यूल हंटर अभियान के दौरान 3 आरोपी गिरफ्तार

**बिजौलियां(निस)।** पुलिस थाना बिजौलियां की ओर से म्यूल हंटर अभियान के दौरान कार्रवाई करते हुए बैंक खाता बेचने वाले म्यूल खाताधारक अमीन व अशफाक और बैंक खाता खरीदने वाले साईबर ठग के सहयोगी शाबिर को गिरफ्तार किया।थानाधिकारी स्वागत पांड्या के बताया कि संदिग्ध बैंक खातो पर साईबर पोर्टल पर दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेंलगाना, उत्तरप्रदेश व केरला राज्यों से कुल 8 शिकायते दर्ज हुई है। वहीं संदिग्ध बैंक खातों की ओर से कुल 2 लाख 42 हजार 93 रूपये की धोखाधड़ी की गई। बैंक खाता धारक आमीन व अशफाक को डिटेन कर पूछताछ करने पर बैंक के खाते अपने दोस्त शाबीर के मार्फत अन्य को दो-दो हजार रूपयो में अपना बैंक खाता (एटीएम, पास बुक, बैंक डायरी, सिम) बेचना पाया जिससे शाबीर को कस्बा बिजौलिया से डिटेन कर विस्तृत पुछताछ की गई। उसने यूको बैंक खाते बेचना बताया। अनुसंधान के बाद आमीन पुत्र जब्बार बिजौलियां,अशफाक हुसैन पुत्र कालु निवासी बिजौलिया, शाबीर पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी बिजौलिया को गिरफ्तार किया गया।

## शपथपत्र

मिनजानिव पूरन सिंह पुत्र स्व0श्री लज्जाराम निवासी-16 खम्भा, जिला धौलपुर राजस्थान, उम्र करीब 65 वर्ष।

यह कि शपथकर्ता का पुत्र देवेन्द्र व उसकी पत्नी गुलशन शपथकर्ता कहने मे नही है तथा शपथकर्ता व उसकी पत्नी के साथ मारपीट करता है तथा शपथकर्ता की पत्नी का पैर तोड़ दिया था और आये दिन मारपीट पर उतारू रहते है। वह गलत सोहबत में पड़ गये है। वह अपने लेन-देन एवं समस्त कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा, मैंने उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य लेन-देन आदि का में व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

शपथकर्ता
पूरन सिंह उपरोक्त

Tender form fees 1000/- रूपये

## कार्यालय सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ़ सोसायटी एवं अधीक्षक सर पदमपत नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान जयपुर

क्रमांकः- एसपीआईएनपीएच / रामेरिसो/लेखा/निविदा/2026/14/2 दिनांकः- 9/4/26

### खुली निविदा सूचना

सर पदमपत् नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान (जे. के. लॉन हॉस्पिटल) जयपुर, निम्नांकित कार्य हेतु खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इस संस्थान के विभिन्न विभागों में स्थापित एसी (विन्डो एसी/ स्पिलट एसी) की सी.एम.सी का कार्य | 7.0 लाख | 1000/- | 14000/- |

उपरोक्त वर्णित निविदा हेतु विस्तृत विवरण व शर्ते निविदा प्रपत्र एवं शिड्यूल-ए में अंकित की गई है। निविदा प्रपत्र मय शिड्यूल-ए शर्ते एवं विवरण सहित चिकित्सालय के आर.एम.आर.एस. से दिनांक 10.4.26 को 10 बजे से दिनांक 17.4.26 को 04:00 PM तक विक्रय की जावेगी तथा भरी हुई निविदाऐं पृथक-पृथक सील बंद लिफाफों (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) में दिनांक 17426 को 05:00 PM तक प्राप्त की जावेगी । प्राप्त निविदाओं को दिनांक 18:426 को दोपहर 01:00 PM उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष कमेटी द्वारा खोली जावेगी। अमानत राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक के द्वारा MS RMRS SPMCHI JAIPUR के पक्ष में तकनीकी निविदा के साथ स्वीकार की जावेगी।

DIPR/C/6781/2026

सदस्य सचिव एवं अधीक्षक

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
14 अप्रेल, 2026

# माय भारत बजट क्वेस्ट' में युवा संवाद: महिला नेतृत्व से ही विकसित भारत 2047 का लक्ष्य संभव: दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सोमवार को केंद्रीय बजट 2026 आधारित 'माय भारत बजट क्वेस्ट' के अंतर्गत युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने महिला नेतृत्व और समावेशी विकास को विकसित भारत 2047 की आधारशिला बताया।
दिया कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को नीति निर्माण में समान अवसर मिलेंगे, जिससे देश के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़े बिना विकसित भारत का लक्ष्य संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन से प्रेरित है, जिसमें युवाओं और महिलाओं को केंद्र में रखा गया है। 'माय भारत बजट क्वेस्ट' कार्यक्रम युवाओं को बजट की समझ और नीति निर्माण से जोड़ने का प्रभावी मंच है। कार्यक्रम में महिला व बाल विकास विभाग की शासन सचिव पूनम ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है और राष्ट्र निर्माण में युवाओं व महिलाओं की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने लैंगिक समानता को विकसित राजस्थान 2047 की कुंजी बताया। इस अवसर पर महिला नेतृत्व व समावेशी विकास विषय पर पैनल डिस्कशन भी आयोजित हुआ, जिसमें विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। प्रदेशभर से आए युवा प्रतिभागियों ने विकसित भारत 2047 के विजन पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा विशेषज्ञों ने उनके सवालों के जवाब दिए।

## प्रिंस स्कूल के हिमांशु राठोड़ का राष्ट्रीय स्तर पर कप्तान के रूप में चयन


जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** प्रिंस स्कूल के प्रतिभाशाली विध्यार्थी विध्यार्थी टेबल टेनिस खिलाड़ी हिमांशु राठोड़ ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कप्तान के रूप मे चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हिमांशु राठोड़ का चयन नई दिल्ली में 16 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय स्तर की टेबल टेनिस प्रतियोगिता (अंडर-14 गर्ल्स/बॉयज वर्ग) के लिए हुआ है।




हिमांशु के इस चयन से पूरे चूरू जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। खेल प्रेमियों, कोचों और परिजनों ने उनकी इस सफलता पर बधाई दी है। कोच नजेन्द्र सिंह ने बताया कि हिमांशु ने मेहनत, अनुशासन और लगातार अभ्यास के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। विध्यार्थी पहले भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो बार सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। डायरेक्टर नवीन व चेयर पर्सन डॉ. पुष्पा चौधरी ने कहा कि यह चयन उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि हिमांशु राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा।

## गौ सम्मान के समर्थन में रतनगढ़ में हस्ताक्षर अभियान आज




जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** गौ संरक्षण और गौ सम्मान के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शहर में हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया जाएगा। यह अभियान रतनगढ़ रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, अशोक स्तंभ, घंटाघर एवं चारों बाजारों तक संचालित किया जाएगा। अभियान का नेतृत्व सनातन सेवा न्यास के चूरू जिला गौ सेवा प्रमुख विजय नायक एवं रतनगढ़ नगर के युवा अध्यक्ष सुमित बजरंगी के नेतृत्व में किया जाएगा। आयोजन में कार्यकर्ता पूरे शहर में सक्रिय रहकर लोगों को गौ सम्मान के प्रति जागरूक करेंगे। इस दौरान दीपक डीडवानिया की टीम सहित विनोद प्रजापति, उमाशंकर शर्मा, नवीन महर्षि, गौरव बजरंगी, नरेंद्र सिंह, बलराम भार्गव सहित कई कार्यकर्ता भाग लेंगे। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर गौ सम्मान के समर्थन में हस्ताक्षर करने की अपील की है।

## जनगणना ड्यूटियों में संवेदनशीलता बरतने की मांग, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत, उपशाखा रतनगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने सभाध्यक्ष रामचंद्र ऐचरा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार से मुलाकात कर जनगणना ड्यूटियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। ब्लॉक सचिव मुरलीधर अजमेरिया व संघर्ष समिति संयोजक बजरंग बिस्सू ने बताया कि संगठन ने विशेष रूप से महिला शिक्षकों, दिव्यांग शिक्षकों, बीमार शिक्षकों, सेवानिवृत्ति के निकट कार्यरत शिक्षकों तथा छोटे बच्चों वाली महिला शिक्षकों को ड्यूटी निर्धारण में प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता बरतने की मांग रखी।प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से कहा कि ड्यूटी आवंटन करते समय इन श्रेणियों के शिक्षकों को राहत दी जाए, जिससे वे अपनी पारिवारिक, स्वास्थ्य संबंधी व व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के साथ संतुलन बनाए रख सकें। उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इन सभी विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए जनगणना ड्यूटियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। वार्ता में प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण, उपसभाध्यक्ष महेंद्र सिंह शेखावत व वरिष्ठ शिक्षक नेता महेंद्र हुड्डा भी उपस्थित रहे।

## ओपन सेंट्रल एशियन हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भारतीय टीम तीसरे स्थान पर

### जयपुर के दो कर्मचारियों का दमदार प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** सहकारिता विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारी अषलेश पंवार व मानसिंह शेखावत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवीं ओपन सेंट्रल एशियन हैंडबॉल पुरुष चैम्पियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने दोनों




खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता का आयोजन 31 मार्च से 5 अप्रैल तक उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में हुआ, जिसमें विभिन्न देशों की कुल 8 टीमों ने भाग लिया। भारतीय टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। अषलेश पंवार टीम में राइट विंग और मानसिंह शेखावत राइट बैक पोजीशन पर खेले। दोनों खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के माध्यम से भारतीय टीम में हुआ था। वर्तमान में दोनों नेहरू सहकार भवन, जयपुर में मंत्रालयिक कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस सफलता से विभाग व प्रदेश में खुशी की लहर है और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की जा रही है।

## खेमका राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** खेमका राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम एवं कक्षा आठ में ए व बी ग्रेड प्राप्त विद्यार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन एसएमसी अध्यक्ष यासीन खान की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व एएसपी इस्माइल खान, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ओमप्रकाश प्रजापत, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक विजेंद्र दाधीच तथा शहरी खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश फगेड़िया व अलीशा इमरान अहमद आदि उपस्थित रहे। संस्था प्रधान रूप सिंह निर्बाण ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान नव प्रवेशी बच्चों व उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। संस्था प्रधान ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में 31 नए बच्चों का प्रवेश हुआ है, जो विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। समारोह में कक्षा आठ में ए और बी ग्रेड प्राप्त विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि इस्माइल खान ने प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। शहरी खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश फगेड़िया ने बालिकाओं को कक्षा आठ के बाद भी सरकारी विद्यालयों में ही प्रवेश दिलाने का आह्वान किया। अमन ट्रस्ट के अध्यक्ष उस्मान अंसारी ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और विद्यालय व परिवार का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विजेंद्र दाधीच ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापत ने भी विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन पर जोर दिया। कार्यक्रम में इस्माइल खान ने घोषणा की कि इस सत्र में 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही ए ग्रेड प्राप्त विद्यार्थियों और संबंधित विषय अध्यापकों को भी सम्मानित करने की बात कही। कार्यक्रम में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामकुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रताप बेनीवाल, कमलेश शर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा, इमरान अहमद सहित अभिभावक उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक मुबारिक ने किया।

## ब्राह्मण महासभा की बैठक में परशुराम जयंती की बनी रूपरेखा

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर स्थित शारदा सदन पुस्तकालय में रविवार को गौड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. महेश शर्मा ने की। बैठक में भगवान परशुराम जयंती के आयोजन सहित विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 8:30 बजे ब्रह्म बगीची में भगवान परशुराम का अभिषेक किया जाएगा। इस आयोजन की जिम्मेदारी पंडित शेखर जोशी, प्रभुदयाल इंदौरिया व शेखर मिश्रा को सौंपी गई है। समाज के विस्तार के लिए नए सदस्यों को जोड़ने पर भी जोर दिया गया। बैठक में यूजीजीसी कानून के विरोध में उपखंड अधिकारी लक्ष्मणगढ़ को ज्ञापन देने और एसबीआई बैंक शाखा को शहर से बाहर स्थानांतरित करने के प्रस्ताव के विरोध में भी शीघ्र ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।सभा में सर्वसम्मति से अरविंद शर्मा को महासभा का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए डॉ. सौरभ जोशी को सम्मानित किया गया। डॉ. जोशी ने किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में देश-विदेश में पहचान बनाई है तथा हाल ही में दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में हेल्थ आइकन अवार्ड से सम्मानित हुए हैं। बैठक में सुभाष जोशी, दिनेश मारोठवाला, यादव शास्त्री, रमेश ढंड, अवनीश मुद्गल, दीनदयाल जोशी, अनिल मिश्रा, सांवरमल शर्मा, संजय जोशी, एडवोकेट रविंद्र शर्मा, प्रकाश पासोरिया, मुकेश ढंड, अमित जोशी सहित अनेक सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आचार्य महाप्रज्ञ महाप्रयाण दिवस पर श्रद्धांजलि, मुनि जयकुमार ने दिए आंतरिक विकास व सद्भाव के संदेश

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के मेगा हाइवे स्थित आचार्य महाप्रज्ञ समाधि स्थल पर सोमवार को आचार्य महाप्रज्ञ के महाप्रयाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और आचार्य के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर मुनि जयकुमार ने अपने प्रवचन में आचार्य महाप्रज्ञ के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आचार्य महाप्रज्ञ के विचार व्यक्ति के आंतरिक विकास, उत्तम स्वास्थ्य और सामाजिक सद्भाव पर आधारित थे। उनका मूल मंत्र 'मैं और मेरा छोड़ो, तो सब तुम्हारा ही होगा' समाज में नैतिकता, सद्भावना और नशामुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। मुनि जयकुमार ने सिद्ध और सांसारिक जीवन के अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि सिद्ध जीव जन्म-मरण के चक्र से मुक्त और पूर्णतः दुःख रहित होते हैं, जबकि सांसारिक जीव मोह-माया में बंधे रहते हैं। उन्होंने आंतरिक सुख को शाश्वत बताते हुए उसे जीवन का वास्तविक लक्ष्य बताया।
इस मौके पर उदासर धाम के महंत दयानाथ जी महाराज ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में जागरूकता लाते हैं और लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर करते हैं। संस्थान के बाबूलाल बोथरा ने जानकारी दी कि महाप्रयाण दिवस पर भक्ति संगीत संध्या का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें गजल गायक जितेंद्र सिंह जामवाल, मीनाक्षी भूतोड़िया, डाकलिया बंधु और कमल छाजेड़ प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही आचार्य महाप्रज्ञ के जीवन पर आधारित संग्रहालय का अवलोकन श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क रखा गया है। कार्यक्रम में जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा, तेरापंथ सभा, युवक परिषद, महिला मंडल और अणुव्रत समिति का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बाबूलाल बोथरा, प्रकाश बुच्चा, संजय बोथरा, सिद्धार्थ चिंडालिया, पूर्व विधायक अशोक पींचा, हिमांशु दुगड़, पारस बुच्चा, नितेश बैद, राजेश बुच्चा, वर्धमान सेठिया, संदीप पींचा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गन्दे पानी की गिनाणी होने से वार्ड में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

### पार्षद ने नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के वार्ड 10 में गर्मी के आगमन के साथ ही गंदें पानी की गिनाणी होने के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बड़ी तादाद में बढ़ गया है। वार्ड के पार्षद लालबहादुर सेवदा के नेतृत्व में वार्ड के लोगों ने कई बार विरोध प्रदर्शन करते हुए नगरपरिषद आयुक्त को वार्ड की बड़ी समस्या से अवगत करवाया गया। लेकिन समस्याओं के समाधान नहीं होने पर वार्ड के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। पार्षद लालबहादुर सेवदा ने एक बार फिर नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन देकर वार्ड की अनेक समस्याओं से अवगत करवाते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि शहर कि मुख्य गिनाणी मेरे वार्ड के पास ही स्थित है और गिनाणी का नाला मेरे वार्ड 10 से होकर गुजरता है। नाले के ऊपर लोहे कि जालियों के चेंबर बने हुए है। तीन से चार चैंबर कि जालियां पूर्ण रूप से टूट चुकी है। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इन जालियों से बहुत खतरनाक दुर्गंध व बदबू हमेशा ही आती रहती है। लेकिन मौसम बदलने के साथ ही नालों की सही सफाई नहीं होने के कारण वार्ड में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिसके कारण इन गलियों के लोगों का श्वास लेना व घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। मौसम परिवर्तन के साथ सुबह ओर शाम के समय यहां मच्छरों का प्रकोप भयंकर बढ़ जाता है। जिसके कारण मौसमी बीमारियां फैलने की संभावना रहती हैं। गन्दे पानी का नाला गली के मुख्य मार्ग पर होने की वजह से आसपास के वार्डो से भी लोगों का आवागमन बहुत अधिक रहता है और अंतिम यात्रा व शादी विवाह के ढुकाव, निकासी भी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं तो लोगों को बहुत अधिक परेशानी होती है। जिसके बारे में पहले भी कई बार अवगत करवाया गया है। लेकिन अभी तक कोई भी कार्य नहीं किया गया है। अतः आप से मेरा पुनः निवेदन है कि टूटी हुई जालियों को बदलकर शीघ्रता से समस्त लगभग 20 जालियों पर चद्दर लगवाने व आसपास के क्षेत्र में डीडीटी पाउडर अथवा फिनाईल का छिड़काव का कार्य करवाने का श्रम करें। जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वार्ड के लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## भाजपा लक्ष्मणगढ़ शहर मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के सीकर जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़ की अभिशंसा पर लक्ष्मणगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष ललित पंवार ने मंडल कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की हैं।जारी सूची के अनुसार रामप्रसाद जड़िया, राजेश जोशी, हंसराज बेदी, कमल शर्मा, एकता सोनी व विक्रम तोमर को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं कमल सुरोलिया व संपत चेजारा को महामंत्री बनाया गया है।मंत्री पद पर दिनेश सांडिया, लालचंद चावला, सज्जन सैनी, पवन पारीक, हरिराम प्रजापत व पूनम कंवर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोषाध्यक्ष पद पर अतुल जाजोदिया को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा निशांत सैनी, रेखा जांगिड़, अरुण सेन, अजय जाजोदिया, विजय कुमार शर्मा, ललिता देवी, कैलाश भार्गव, मनीष शर्मा, पिंकी सैनी, रंजना, भगवती देवी, रितु वाल्मीकि, योगेश तूनवाल, कमल कुमावत, रंजीत सेन, दिवाकर सैनी व रामप्रसाद कुमावत को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष पंवार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत बनाने व पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया

## मण्डावा में अम्बेड़कर रैली आज

*मण्डावा(निस)। डॉ भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर मंडावा में भव्य रैली का आयोजन 14 अप्रैल को किया जाएगा। जो सुबह साढ़े नौ बजे नगर पालिका चौक से रवाना होकर मुख्य बाजार होते हुए 2 बजे झुंझुनूं मार्ग स्थित अंबेडकर भवन में सभा के रूप में परिवर्तन हो जाएगी। बाद पुष्पाजंलि - कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हरदयाल काला ने कहा कि सभी सर्व समाज का आव्हान किया हैं कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे कर रैली शोभा बढ़ाए।*

## कोई भी भाषा मरती है तो उसके साथ पूरी संस्कृति मरती है: गर्ग

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजला संस्थान की ओर से सोमवार को शहर की राजकीय गणेशीराम झंवर बालिका स्कूल में साहित्यकार डॉ. भंवर सिंह सामौर को सुजला गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित अतिथियों ने उन्हें इस सम्मान से नवाजा। प्रिंसिपल कुसुम शर्मा ने कार्यक्रम को अध्यक्षता की। कार्यक्रम में बीदासर की निवर्तमान प्रधान संतोष मेघवाल, साहित्यकार घनश्यामनाथ कच्छावा, समाजसेवी खड़ग सिंह बांठिया मंच पर मौजूद रहे। क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों, संस्थाओं और स्कूल के परीक्षा परिणाम में अच्छे अंक लाने वाली बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण में सम्बोधित करते हुए साहित्यकार घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि सामौर राजस्थानी भाषा के चलते फिरते पुस्तकालय हैं। राजस्थानी के लिए उनके योगदान और प्रयासों को कभी नहीं भुलाया जा सकता। सम्मानित हुए सामौर ने कहा कि कन्हैयालाल सेठिया की धरा सुजानगढ़ में उनके साहित्यिक जीवन की नींव पड़ी थी। क्योंकि उनकी स्कूली पढ़ाई यहीं पर हुई थी। उन्होंने सुजला संस्थान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें देश विदेश में कई सम्मान मिले। लेकिन अपने घर में सम्मानित होना बड़े गौरव का विषय है। सामौर ने राजस्थानी भाषा को मान्यता मिलने में हो रही देरी पर दुख भी जताया।
मुख्य अतिथि जागेश्वर गर्ग ने कहा कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत ने राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलवाने की कोशिश की थी। लेकिन उस समय के कुछ साहित्यकारों ने ही इसमें रोड़ा अटका दिया। उन्होंने कहा कि हमारे राजनेताओं को अपनी भाषा में शपथ लेने में शर्म आती है। गर्ग ने कहा कि हमें अपनी भाषा और गर्व होना चाहिए और इसे मान्यता दिलवाने के लिए पुरजोर प्रयास होने चाहिए। संस्थान के अरविन्द विश्वेंद्रा ने बताया कि उनके दादा दिवंगत रामेश्वर लाल खटीक की स्मृति में यह पुरस्कार शुरू किया गया है। भंवर सिंह सामौर को उनकी उच्च स्तरीय साहित्यिक सेवाओं के चलते इस सम्मान के लिए चुना गया है। स्नेहप्रभा मिश्रा ने सम्मान पत्र का वाचन किया। कार्यक्रम में प्रो. गीता सामौर, बुद्धिप्रकाश सोनी, दीनदयाल पारीक, वैद्य भंवरलाल शर्मा, श्याम स्वर्णकार, कन्हैयालाल स्वामी, दानमल भोजक, गिरधर शर्मा, महेश तंवर, बसन्त बोरड़, प्रेमप्रकाश स्वामी, कौशल्या गुलेरिया, शर्मिला सोनी, अनिल माटोलिया, सुरेश अरोड़ा, विश्वनाथ सामरिया, नानूराम खटीक, सुरेश सामरिया, मुकेश सामरिया, जितेन्द्र बागड़ी,? श्रवण कुमार, जयराम, विक्रम, गोपाल, इन्द्र सामरिया, परमानंद मिश्रा, विनोद सेन, गणेश मंडावरिया, राजेश सेन, रेवंतमल पंवार, गणेश मंडावरिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन कवि हरिराम गोपालपुरा ने किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।